राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 347 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



रायगढ़ में रोड शो के दौरान छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय का मंत्री ओपी चौधरी ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

# पेराई वाले नारियल के एमएसपी में बढ़ोतरी

## बिहार में गंगा नदी पर बनेगा 6 लेन केबल ब्रिज, इसके नीचे से बड़े जहाज गुजर सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्र सरकार** ने बुधवार को पेराई वाले नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 375 रुपये प्रति क्विन्टल और नारियल गोला गरी के एमएसपी में 300 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2024-25 सत्र के लिए पेराई वाले नारियल गरी के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 11,160 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। नारियल गोला के एमएसपी को साल 2024-25 के लिए 12,000 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।
केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया है। साल 2014-15 में पेराई वाले खोपरे का एमएसपी 5,250 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब 11,160 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस तरह 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह नारियल गोला का एमएसपी साल 2014-15 में 5,500 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे बढ़ाकर साल 2024-25 में 12,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस तरह 118 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

**बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर बनेगा 6 लेन का पुल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे, 6-लेन वाले पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि परियोजना की कुल लागत 3,064.45 करोड़ रुपये है, जिसमें 2,233.81 करोड़ रुपये की सिविल निर्माण लागत शामिल है।



### भारत-इटली के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत और इटली के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर करने और पुष्टि करने के विदेश मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।
यह समझौता लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगा। दोनों पक्षों के बीच अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों पर सहयोग को मजबूत करेगा। यह समझौता वर्तमान इटली वीजा व्यवस्था को लॉक करता है, जिसमें अध्ययन के बाद के अवसरों, इंटर्नशिप, पेशेवर प्रशिक्षण के लिए तंत्र शामिल हैं, जो फ्लो डिक्री के तहत मौजूदा श्रम गतिशीलता मार्गों के तहत भारत के लिए लाभ का आश्वासन देते हैं।
इटली में शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रारंभिक पेशेवर अनुभव हासिल करने के इच्छुक भारतीय छात्रों को 12 महीने तक के लिए इटली में अस्थायी निवास की अनुमति दी जा सकती है।

### ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने को मंजूरी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।
ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खुलने से भारत के राजनयिक कदम को बढ़ाने में मदद मिलेगी और भारत की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को देखते हुए भारत का राजनयिक प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। इससे भारत के रणनीतिक और वाणिज्यिक हितों को बढ़ावा देने और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय के कल्याण को बेहतर ढंग से पूरा करने में भी मदद मिलेगी। वाणिज्य दूतावास 12 महीने की समय सीमा के भीतर खोले जाने और पूरी तरह से चालू होने की संभावना है।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर में जवानों से मुलाकात करते हुए।

## फास्ट न्यूज

### हिप्र: सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी कांग्रेस: राजीव

**नई दिल्ली:** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी राज्य की चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। शुक्ला ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज पार्टी आलाकमान के साथ राज्य कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। हम पूरी तैयारी के साथ लोकसभा चुनाव में जाएंगे और राज्य की चारों सीटों पर जीत हासिल करेंगे।
शुक्ला ने कहा कि आज सभी ने मिलकर यह तय किया है कि हम कांग्रेस सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम जन-जन तक लेकर जाएंगे। कांग्रेस पार्टी पूरे उत्साह के साथ आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी और सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।

### एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं, विवि इसमें दाखिले तुरंत रोकें: यूजीसी

**नई दिल्ली:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम पेश करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है और छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के प्रति आगाह किया। आयोग ने विश्वविद्यालयों से 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए ऐसे किसी भी एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है।

### 'मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर को केन्द्र ने घोषित किया गैरकानूनी संगठन

**नई दिल्ली:** केन्द्र सरकार ने 'मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट)' को गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। सरकार का कहना है कि यह संगठन गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाया गया है।
केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है। यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं।


## भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल निकालेंगे भारत न्याय यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। इस दौरान यात्रा 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेगी। इस दौरान राहुल गांधी बस से और पैदल 6 हजार 200 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने बुधवार को पार्टी हेडक्वार्टर में मीडिया को बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस पार्टी भारत न्याय यात्रा करेगी। यह मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में समाप्त होगी।
मल्लिकार्जुन खड़गे न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे
कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।



## गुमशुदा की तलाश


औरंगजेब आलमगीर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह आदमी जिसका नाम **औरंगजेब आलमगीर**, पुत्र बरकत अली, निवासी सी–336, जेजे कॉलोनी, हास्टल रोड, उत्तम नगर, दिल्ली, जो दिनांक 19.12.2023 को सुबह 11:00 बजे से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 82ए, दिनांक 21.12.2023,** को **पुलिस थाना उत्तम नगर, दिल्ली,** में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता आदमी की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता आदमी का विवरण इस प्रकार है :

**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : 24 वर्ष, **कद** : 5'6", **रंग** : सांवला, **चेहरा** : लंबा, **शरीर** : मध्यम, **पहनावा** : खाकी टी–शर्ट, नीली जींस, सफेद स्पोर्ट्स जूते।

इस गुमशुदा आदमी के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना उत्तम नगर, दिल्ली
फोन नं. : 8750871026
ई–मेल : sho.uttamngr@delhipolice.gov.in

DP/14930/DW/2023

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **हितेश कुमार** पुत्र भोपाल राम निवासी ए–128, जे.जे. कॉलोनी, रघुबीर नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 202/2020 धारा 3/4/12/9/55 सार्वजनिक जुआ अधिनियम** थाना ख्याला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हितेश कुमार** मिल नही रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हितेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **हितेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.01.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन,
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–04 (पश्चिम)
कमरा नं. 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14695/WD/2023
(Court Notice)

# मालवीय जी व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे: रामबहादुर

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर आयोजित 18वें पत्रकार प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार दिल्ली विश्वविद्यालय, हिन्दी विभागाध्यक्ष व साहित्य अकादमी नई दिल्ली की उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुमुद शर्मा समेत कुल सात पत्रकारों को सम्मानित किया गया। जितेन्द्र तिवारी को पत्रकार प्रतिष्ठा सम्मान एवं प्रोफेसर कुमुद शर्मा को साहित्य प्रतिष्ठा सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि पत्रकार संजय श्रीवास्तव, अवनीश कुमार मिश्र, रश्मि ओझा एवं विनोद पांडेय को पत्रकार गौरव सम्मान से नवाजा गया। सभी को शॉल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न व नकद राशि प्रदान की गई। वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष पद्मश्री राम बहादुर राय, मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बनवारी , मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर राम बहादुर राय ने अपने सम्बोधन में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

# विद्या भारती ने किया समुत्कर्ष विद्यार्थी समागम कार्यक्रम के लिए भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

विद्या भारती ने कविनगर रामलीला मैदान में 31 दिसंबर को होने वाले समुत्कर्ष विद्यार्थी समागम कार्यक्रम के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया। इस समागम में लगभग 7000 भैया-बहिन, उनके अभिभावक, अध्यापक तथा महानगर के प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री वीके सिंह समागम के मुख्य अतिथि होंगे। भूमि पूजन में भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री राम वरुण, प्रदेश निरीक्षक विशोक शर्मा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक विपिन राठी ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत से संबद्ध गाजियाबाद के सभी विद्यालयों द्वारा 31 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से कविनगर के रामलीला मैदान में विद्यार्थी समागम समुत्कर्ष का आयोजन किया जा रहा है। समागम का उद्देश्य भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाली गतिविधियों को समाज के सामने रखना है। साथ ही नई शिक्षा नीति की बारीकियों से अभिभावकों को अवगत कराना है। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आने वाली भावी पीढ़ी को संगीत शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पीढ़ी का निर्माण हो सके। राठी ने बताया कि कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो इसलिए सबसे पहले विद्या भारती के अधिकारियों द्वारा रामलीला मैदान कविनगर में भूमि पूजन एवं यज्ञ किया गया। भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक विशोक शर्मा यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर महेश चंद्र शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पंकज शर्मा आदि गण्यमान्य उपस्थित रहे।

## ग्रेनो में खुलेंगे दो विश्वविद्यालय

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दो और नामी विश्वविद्यालय खुलने के आसार बन गए हैं। राजस्थान की माधव गोविंद विश्वविद्यालय और नोएडा के जेएसएस विश्वविद्यालय ने ग्रेटर नोएडा में विश्वविद्यालय खोलने के प्रति रुचि दिखाई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दोनों विश्वविद्यालयों के लिए जमीन चिंहित कर दिखा दिया है। उनको ये जमीन पसंद भी आ गई है।

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र**: 55 साल, **कद**: 5'7", **रंग**: गेहुँआ, **शरीर**-साधारण, **चेहरा**-अंडाकार, **पहचान चिह्न**: बायीं और दाहिनी जांघ पर एक तिल का निशान, **पहनावा**-सफेद रंग की पजामा और सफेद रंग की लोवर पहने हुए है । जो दिनांक 19.11.2023 को जंगपुरा के पास राजदूत होटल, प्रताप मार्केट, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला । जिसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया । जिसे दिनांक 22.11.2023 को इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया गया । इस संदर्भ में **डीडी संख्या. 89A दिनांक 22.11.2023 को पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली में दर्ज है ।**

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली
Ph. : 8750870929, 9654520310

DP/15031/SE/2023

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि राम कुमार पुत्र नानक चंद, निवासी 31/136, त्रिलोक पुरी, दिल्ली–110091 ने **Case Reg. No. 3650/2018, U/s 138 NI Act** थाना के0एन0के0 मार्ग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त राम कुमार मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त राम कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **Case Reg. No. 3650/2018, U/s 138 NI Act** थाना के0एन0के0 मार्ग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त राम कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 04.03.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
जज इविंनिंग
कोर्ट नंबर 3 (उत्तर) कमरा नंबर–111
पहली मंजिल रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/14978/RD/2023

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सावधानी बरतें: दिल्ली में कोरोना की वापसी...

## हमने दिल्ली में आरटीपीसीआर परीक्ष को शुरू कर दिया है। हर दिन 250 से 400 आरटीपीसीआर टेस्ट किए जा रहे हैं: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कोरोना ने तेजी से पैर पसारने शुरू कर दिए हैं।

नए मामले सामने आते ही दिल्ली सरकार ने लोगों से सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके साथ ही राजधानी में आरटीपीसीआर टेस्ट भी शुरू कर दिए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, बीते मंगलवार को कोरोना के दो और नए मामले सामने आए थे। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हमने दिल्ली में आरटीपीसीआर परीक्षण को शुरू कर दिया है। हर दिन 250 से 400 आरटीपीसीआर टेस्ट किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते दिन दिल्ली में दो नए मरीज मिले। फिलहाल, अभी अस्पताल में कुल चार से पांच मरीज भर्ती हैं। अभी तक किसी भी मरीज की संक्रमण की वजह से मौत नहीं हुई है। दिल्ली में कोरोना के नौ मामले हैं। इनमें से 8 मरीज ऑक्सीजन बेड पर भर्ती हैं। दिल्ली में कोरोना के सभी मरीजों के नमूने जिनोम अनुक्रम के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दिल्ली में हर दिन संक्रमण के औसतन 3-4 मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि सरकार कोरोना वायरस संक्रमण के संभावित प्रसार से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।





**तैयारी**

8 बीते दिन दिल्ली में दो नए मरीज मिले। फिलहाल, अभी अस्पताल में कुल चार से पांच मरीज भर्ती हैं

### कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए एम्स ने आरक्षित किए बिस्तर

**कोरोना** के बढ़ते मामलों को देखते हुए एम्स ने कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार मरीजों के प्रत्येक रोगी वार्ड में दो बिस्तर निर्धारित करने के आकस्मिक उपाय किया है। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजीव लालवानी ने आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि एम्स के आपातकालीन विभाग में कोरोना के संदिग्ध मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसे देखते हुए गंभीर मरीजों को भर्ती करने के लिए सी 6 वार्ड में नामित क्यूबिकल बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में अतिरिक्त दो-दो बिस्तर को आरक्षित करने का फैसला किया गया है। इस फैसले के तहत एबी-1, सी-1, डी-1, एबी-2, सी-2, डी-2, एबी-4, सी-4, डी-4, एबी-6, डी-6, एबी-7, पल्मोनरी मेडिसिन और जेरियाट्रिक मेडिसिन वार्ड के अलावा मातृ एवं शिशु ब्लॉक, बाल चिकित्सा, बाल चिकित्सा सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, सर्जिकल अनुशासन विभागों के लिए सर्जिकल ब्लॉक में बिस्तर रखे जाएंगे। यह बिस्तर ड्यूटी अधिकारी के प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे। बेड पर आपातकालीन सीओ की सिफारिश पर रोगियों को बेड दिए जाएंगे। बेड का पुनर्वितरण करना संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी होगी। कोरोना महामारी एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। हर दिन नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत में सिर्फ एक दिन में कोविड-19 के 529 नए मामले सामने आए हैं।

# 'आई वांट टू बिकम पीएम...', प्रधानमंत्री का ऑफिस देखने पहुंची बच्ची ने कही मन की बात



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** बुधवार को एक वीडियो शेयर किया जिसमें स्कूली बच्चे प्रधानमंत्री दफ्तर (ढटड) के अंदर दिख रहे हैं। बच्चे पीएमओ के टूर पर आए हैं। यह वीडियो क्रिसमस के दिन का है और इसमें बच्चे काफी खुश दिख रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह वीडियो शेयर करते हुए लिखा, लगता है मेरे ऑफिस ने अपना आखिरी टेस्ट पास कर लिया है क्योंकि बच्चों ने थंब्स अप कर दिया है।

**कौन बनना चाहता है पीएम?**
वीडियो में सुना जा सकता है कि जब प्रधानमंत्री कार्यालय के एक कर्मचारी ने बच्चों से पूछा कि इस ऑफिस को देखने के बाद कौन-कौन प्रधानमंत्री बनना चाहता है तो एक बच्ची तपाक से बोल पड़ी आई वांट टू बिकम प्राइम मिनिस्टर।

**बच्चों ने देखा पूरा ऑफिस:**
वीडियो की शुरूआत में दिखाया गया कि पीएम मोदी बच्चों से घिरे हैं और वह उनसे पूछ रहे हैं कि आप लोगों ने पीएम ऑफिस देखा है? तब बच्चों ने ना में जवाब दिया। इसके बाद पीएम ने कहा कि मेरे सहयोगी आपको आज पीएम का ऑफिस घुमाएंगे। इसके बाद बच्चों को पीएमओ के हर हिस्से में ले जाकर वहां घुमाया गया और उस जगह की जानकारी दी गई।

# राजनीतिक पार्टी बनाना चाहते थे आरोपी, नहीं मिल रहा था फंड

**संसद की सुरक्षा**

8 कई राजनीतिक लोगों व कारोबारियों के पास गए थे, लेकिन पार्टी के लिए फंड नहीं मिला




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद की** सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपी एक राजनीतिक पार्टी खड़ी करना चाहते थे। इसके लिए फंड जुटाना चाहते थे। कई राजनीतिक लोगों व कारोबारियों के पास गए थे, लेकिन पार्टी के लिए फंड नहीं मिला, इसलिए पार्टी खड़ा करना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में इन्होंने अपने को स्थापित करने के लिए संसद में घुसने का फैसला किया। बेरोजगारी व महंगाई को तो इन्होंने अपनी सीढ़ी बनाया, जबकि यह अपना उद्देश्य सिद्ध करना चाहते थे। दिल्ली पुलिस को मिली मनोविश्लेषण परीक्षण रिपोर्ट से जांच को ये दिशा मिली है। दिल्ली पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी भगत सिंह क्लब के जरिये जुड़े थे। ये राजनीति में अपनी किस्मत आजमाना चाहते थे। इसके लिए पहले एनजीओ खोलते और फिर राजजीनिक पार्टी खड़ी करना चाहते थे। एनजीओ व पार्टी के लिए कई साल से चंदे के लिए घूम रहे थे। दिल्ली समेत कई राज्यों में एनजीओ के नाम पर फंड के लिए काफी राजनीतिक लोगों के पास गए। कई कारोबारियों के पास गए, लेकिन हर जगह से सिर्फ आश्वासन मिला, फंड कहीं से नहीं मिला। फंड नहीं मिलने से यह परेशान हो गए। फिर इनको लगा कि ये बड़ा खेल करेंगे तो लोग इनको जानने लगेंगे। इसके बाद लोग फंड देंगे। फंड जुटाने के लिए ही इन्होंने संसद में जाकर हंगामा करने का फैसला किया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सागर वर्ष 2015 में मुख्य आरोपी मनोरंजन से मिला था। मनोरंजन 2015 से पहले ही एनजीओ खोलने व राजनीतिक पार्टी खड़ी करने में लगा हुआ था।
सागर वर्ष 2015 में इन लोगों से जुड़ा था।

## हर्ष विहार में छात्र को पीटने का विरोध करने पर दो भाइयों पर बरसाई गोलियां

**नई दिल्ली:** हर्ष विहार इलाके में तीन लोगों ने बीच सड़क पर स्कूली छात्र को पीट दिया। इस दौरान एक दुकानदार ने छात्र की पिटाई का विरोध किया। इससे नाराज होकर आरोपितों ने छात्र को छोड़कर दुकानदार व उसके भाई पर गोलियां बरसा दी।

**आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज:** गनीमत रही गोली किसी को लगी नहीं। मौके पर भीड़ जुटने पर दो आरोपित फरार हो गए, एक को लोगों ने दबोच लिया। बाद में पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित करण सिंह की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की।

# खुशखबरी: पंचकर्म चिकित्सा से शरीर की भी सफाई करेगा निगम

**मरीजों को राहत**

8 आयुष इकाइयों को मजबूत करने के साथ इनके अंदर पंचकर्म चिकित्सा इकाइयों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पंचकर्म** चिकित्सा से शरीर में जमा विषाक्त पदार्थों की सफाई का काम भी निगम करेगा। निगम ने अपनी सभी आयुष इकाइयों को मजबूत करने के साथ इनके अंदर पंचकर्म चिकित्सा इकाइयों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। इनमें असाध्य बीमारियों को आयुर्वेदिक चिकित्सा विधि से ठीक किया जाएगा। दिलचस्प यह है कि निगम पहली बार आयुष इकाइयों में इंडोर सुविधा देने जा रहा है। इसकी शुरूआत हैदरपुर पंचकर्म अस्पताल से होगी। दरअसल, निगम का आयुष विभाग 2 आयुर्वेदिक अस्पतालों, 14 पंचकर्म अस्पतालों और 10 मधुमेह केंद्रों में लोगों का इलाज कर रहा है।



### हैदरपुर में पंचकर्म अस्पताल तकरीबन बनकर तैयार

**हैदरपुर** में एक बड़ा पंचकर्म अस्पताल तकरीबन बनकर तैयार है। इसमें पहली बार मरीज भर्ती करने की सुविधा भी होगी। दो मंजिला इस अस्पताल में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज की सुविधाएं और चिकित्सकों की संख्या दूसरे किसी भी आयुर्वेदिक अस्पताल से ज्यादा होगी। दूसरी तरफ तिलक नगर में भी एक पंचकर्म अस्पताल खोलने की योजना है। इसके अलावा दूसरे अस्पतालों में भी पंचकर्म से इलाज करने की तैयारी है। वमन (अमाशय की सफाई), विरेचन (आंत की सफाई), नस्य (कफ को बाहर निकालने), रक्तमोक्षण (खराब खून को शरीर से बाहर निकालने) और अनुवासनाबस्ती (शरीर में धातुओं का संतुलन करके) क्रियाओं से शरीर की रोगों से सफाई होगी। फिर अश्वगंधा, अरंड, आखा, निर्मुंडी, भांग, मेथी और अजवाइन के पत्तों को मारकीन के कपड़े में पोटली बनाकर विशेष सिंकाई होगी। गठिया, जोड़ों के दर्द के इलाज के लिए उड़द के आटे में आयुर्वेदिक तेल को गर्म करके मालिश की जाएगी।

# इस्राइली दूतावास के नजदीक बम धमाका: एजेंसियां घटना की जांच में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** स्थित इस्राइली दूतावास के नजदीक हुए बम धमाके के बाद यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एजेंसियां घटना की जांच में जुट गई हैं। मंगलवार शाम हुई घटना के बाद बुधवार सुबह एनएसजी और एनआईए की टीम घटनास्थल पर जांच करने के लिए पहुंचीं। इस बीच, जांच कर रहे अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं जिसमें दो संदिग्ध नजर आए हैं। इस्राइल ने कहा है कि यह आतंकी हमला हो सकता है। इसकी तरफ से नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी की गई है। हालांकि, यह पहली बार नहीं हैं जब इस्राइल के दूतावास को निशाना बनाया गया हो। इसके पहले 2012 और 2021 में दूतावास के पास दो घटनाएं घट चुकी हैं। धमाका करने वालों का मकसद क्या हो सकता है? मामले में इस्राइल ने क्या कहा है?

**पहले क्या घटना घटी थी?:**
पहले जानते हैं इस्राइली दूतावास के पास क्या घटना घटी है? दिल्ली पुलिस को मंगलवार शाम नई दिल्ली के चाणक्यपुरी डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में स्थित इस्राइली दूतावास के पीछे विस्फोट के बारे में सूचना मिली। सूचना देने वाले इस्राइल दूतावास के सुरक्षाकर्मी ने बताया कि शाम 5 बजे उन्होंने 100 मीटर दूर धमाके की आवाज सुनी जैसे कोई टायर फटा हो। जब वो बाहर आये तो उन्होंने पेड़ के ऊपरी हिस्से से धुंआ उठते हुए देखा। सूचना के बाद दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने कहा कि मौके से या आसपास आग या विस्फोट का कोई संकेत नहीं है।



**जांच जारी**

8 यह आतंकी हमला हो सकता है। इसकी तरफ से नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी की गई

**घटना के बाद क्या-क्या हुआ?**
घटना के बाद मंगलवार शाम को ही दिल्ली पुलिस की डॉग स्क्वायड, क्राइम टीम और बीडीएस टीम उस स्थान पर पहुंची, जहां कथित तौर पर विस्फोट की आवाज सुनी गई थी। कुछ देर बाद एफएसएल, दिल्ली के विशेषज्ञ भी पहुंचे और इलाके की घेराबंदी करके गहन तलाशी ली गई। विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच के दौरान साक्ष्य उठाए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। घटना के दूसरे दिन एनएसजी और एनआईए की टीम घटनास्थल पर जांच करने के लिए पहुंची हैं।

## न्यायालय ने स्थगनों पर एसपीओ तैयार करने के लिए बनाई समिति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कार्यवाही स्थगित करने की मांग करने वाले वकीलों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) तैयार करने के लिए न्यायाधीशों की एक समिति का गठन किया है। पैनल ने इस मुद्दे पर बार और अन्य हितधारकों से सुझाव भी मांगे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने स्थगन पर्चियों के प्रचलन को बंद करने के बारे में शीर्ष अदालत द्वारा जारी परिपत्रों पर चिंता जताई थी।

## जैकलीन की याचिका के विरोध में ठग सुकेश ने दाखिल की अर्जी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अभिनेत्री** जैकलीन फर्नांडीज द्वारा कोर्ट में लगाई अर्जी का ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली की अदालत में याचिका दाखिल कर विरोध किया है। जैकलीन ने अर्जी में सुकेश पर चिट्ठी लिखकर परेशान करने का आरोप लगाया था। जानकारी के मुताबिक, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दी है। अर्जी में जैकलीन की याचिका का विरोध किया है। सुकेश ने कोर्ट के स्पेशल जज को यह अर्जी दी है।






# पिटाई का बदला लेने के लिए युवक की पीट-पीटकर ली जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिम** दिल्ली के जनकपुरी इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त सौरव उपाध्याय उर्फ ऋषि (25) के रूप में हुई है। दरअसल सौरव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर आरोपी प्रवेश कुमार व अन्यों की पिटाई कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए सौरव को मौत के घाट उतारा गया। पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी समेत दो लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान प्रवेश कुमार उर्फ बिट्टू उर्फ लंबू (25) और अरमान खान उर्फ खान (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने बाकी हमलावरों की भी पहचान कर ली है। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक,



सौरव अपने परिवार के साथ सागरपुर, जनकपुरी इलाके में रहता था। इसके परिवार में पिता विजय उपाध्याय, मां, बड़ा भाई गौरव उपाध्याय और एक बहन है। सौरव अपना कारोबार करता था। सोमवार देर रात पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। जख्मी हालत में उसे अस्पताल लाया गया था।
सूचना मिलते ही जनकपुरी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। वहां पर पुलिस को सौरव का बड़ा भाई गौरव मिला। उसने पुलिस को बताया कि गली नंबर-3, मोहन ब्लॉक, पश्चिम सागरपुर के एक मकान में सौरव की पिटाई गई है। उस पर डंडों के अलावा लात-घूंसों से हमला किया गया था। गौरव से पूछताछ करने के बाद टीम घटना स्थल पर पहुंची। मौके पर क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को बुला लिया गया। छानबीन के दौरान पता चला कि मकान पंकज नामक युवक का है। बातचीत के बहाने आरोपी प्रवेश व उसके दोस्तों ने सौरव को बुलाया था। वहां कहासुनी के बाद उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। छानबीन के बाद प्रवेश व उसके साथी अरमान को दबोच लिया गया। प्रवेश ने बताया कि आरोपी व सौरव सब मिलने-जुलने वाले हैं। कुछ समय पहले हुए झगड़े में सौरव ने उसकी और दोस्तों की पिटाई कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए ही इन लोगों ने सौरव की पिटाई की।

# सीएम ने की एचपीपीसी-एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

**बैठक में लगभग 264 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी, विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 5 करोड़ की हुई बचत**

**फैसले**

**8 एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 264 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के स्कूलों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने हेतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 55 करोड़ रुपये की मुद्रण लागत आएगी। एचपीपीसी और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 264 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 5 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण सहित कुल 13 एजेंडे रखे गए और सभी एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

**जींद एसटीपी के उपचारित पानी का सिंचाई के लिए होगा उपयोग, परियोजना को मिली मंजूरी:** हरियाणा सरकार द्वारा जल संरक्षण और कम पानी के साथ अधिक पैदावार के विजन के साथ क्रियान्वित की जा रही सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को लगातार गति मिल रही है।

इस कड़ी में बैठक में जींद में स्थापित 15 एमएलडी क्षमता के एसटीपी प्लांट के उपचारित पानी को सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत इस्तेमाल करने हेतु परियोजना को मंजूरी दी गई।

## गुरुग्राम और फरीदाबाद में सड़कों के सुधारीकरण को भी मिली मंजूरी

**बैठक** में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के तहत सेक्टर-103/106, सेक्टर-102ए/103, सेक्टर 102/102ए तथा सेक्टर-106/109 तथा सेक्टर 75/75ए की मास्टर रोड डिवाइडिंग का अपग्रेडेशन और विशेष मरम्मत का कार्य किया जाएगा। साथ ही, सेक्टर सेक्टर 27/28 तथा 28/43 की डिवाइडिंग के साथ सड़क, फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, जल निकासी, बागवानी व अन्य कार्यों का विकास कार्य के लिए भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के तहत ग्रेटर फरीदाबाद में सेक्टर-75 से 89 तक विभिन्न मास्टर सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार, अर्बन डेवलपमेंट डी एस ढेसी, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरूण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल मौजूद रहे।

# स्पेशलिस्ट कैडर अलग होने की मांग को स्वीकृति मिल चुकी है: स्वास्थ्य मंत्री विज

**हरियाणा में ज्यादातर डॉक्टर काम कर रहे हैं: अनिल विज**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल पर कहा कि ह्वायह हड़ताल नाजायज है और डॉक्टरों की मुख्य मांग कि स्पेशलिस्ट कैडर अलग होना चाहिए, उसकी स्वीकृत मिल चुकी है तथा डाक्टरों को यह बता भी दिया गया है। शेष मसलों पर मिल बैठकर विचार किया जा सकता है, मगर हड़ताल नाजायज है। उन्होंने कहा कि डाक्टर काफी समझदार शख्सियत होती है और हरियाणा में ज्यादातर डाक्टर काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कोरोना के बढ़ते मामलों पर कहा कि हरियाणा में हमारी तैयारी पूरी है। हमने मॉकड्रिल कर ली है, ऑक्सीजन प्लांट व अन्य व्यवस्थाएं हमारी दुरुस्त हैं।

**दो टूक**

**8 लौटाना या लौटाना के खेल को अब बंद कर देना चाहिए। यह ईनाम भारत का सम्मान है**

**पहलवानों को पदक वापस करने की बात सोचनी भी नहीं चाहिए:** पहलवान विनेश फोगाट द्वारा अर्जुन पुरस्कार वापस लौटाने के बयान पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि लौटना या लौटाना के खेल को अब बंद कर देना चाहिए। यह ईनाम भारत का सम्मान है जोकि अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा दिया गया है और यह इन्हें वापस करने की बात सोचनी भी नहीं चाहिए तथा खेलना बंद करने के बारे में सोचना नहीं चाहिए।

**राहुल गांधी की पहली यात्रा से कोई पत्ता नहीं हिला और न इस यात्रा से कुछ होगा:** गृह मंत्री अनिल विज ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी (राहुल गांधी) उम्र यात्रा करने की ही है, न तो उनकी पहली यात्रा से कोई पत्ता हिला और न ही इस यात्रा से कुछ निकलना है।

**फारूख अब्दुला उकसाने वाले बयान देकर खबरों में बना रहना चाहते हैं:** गृह मंत्री अनिल विज ने फारूख अब्दुला के पाकिस्तान से बात करने के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि फारूख अब्दुला एंड कंपनी उकसाने वाले बयान देकर खबरों में बने रहना चाहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए दाखिले शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। दाखिले की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2024 है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू भारत की सबसे प्रसिद्ध व प्रख्यात केंद्रीय विश्वविद्यालय है। इग्नू में दाखिले के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए जनवरी 2024 सत्र की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते नियमित कॉलेज या विश्वविद्यालय में दाखिला नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वो रेगुलर कॉलेज और विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं। इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते है। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट ६६६.ल्लड्ड४.ल्ल पर उपलब्ध है।

### उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजग हुये स्कूली छात्र, बीआईएस के 77वें स्थापना दिवस पर आयोजित की गई पोस्टर मेकिंग और मानक लेखन प्रतियोगिता



कैथलः भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) यानी भारतीय मानक ब्यूरो के 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीआईएस की हरियाणा शाखा ने मंगलवार को पबनावा स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पोस्टर मेकिंग और मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। बीआईएस मार्केट में वस्तुओं के मानकीकरण, आकलन और क्वालिटी सर्टिफिकेशन की दिशा में प्रयासरत है और इन आयोजनों के माध्यम से स्टूडेंट्स में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजगता प्रदान करवाता रहा है।

यह आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने में बीआईएस द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की समझ को गहरा करने के लिये आयोजित करवाई गई जिसमें 11वीं और 12वीं कक्षा के 49 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता मेंटर रश्मि महला, स्कूल प्रिंसिपल नरसी सगवाल, बीआईएस से ग्रेजुएट इंजीनियर आशीष कुमार और रिसोर्सपर्सन कीर्ति पेनेसर की अगुवाई में करवाई गई। बीआईएस सर्टिफिकेशन का महत्व थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स की कलात्मक प्रतिभा देखने को मिली। मानक लेखन प्रतियोगिता की थीम दी इंडियन स्टैंडर्ड आईएस 4222:2018, कलर्ड चाक्स, मोलडेडः स्पेस्फिकेशन (पहला संशोधन) था जिसमें सभी के रचनात्मक विचार उजागर हुये। बीआईएस की इस पहल का आभार व्यक्त करते हुये स्कूल प्रिंसीपल नरसी सगवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन स्कूली बच्चों के लिये सार्थक साबित होते हैं और यह प्रयास आगामी पीढ़ियों की समझ को विकसित करने के लिये कारगर सिद्ध होगी।

# सीआईएसएफ जवान के पिता की अंगुली काटने के मामले में जांच बदलने व एसपी को कार्रवाई के दिए निर्देश

**नूंह जिले के गांव अकलीमपुर में मनरेगा के तहत पूर्व सरपंच पर विकास कार्यों में धांधली का आरोप, पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**



**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने राजस्थान में तैनात सीआईएसएफ जवान के पिता की तोशाम में अंगुली काटने के मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए एसपी भिवानी को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच तोशाम से बाहर किसी अधिकारी से कराने के निर्देश देते हुए पीड़ित परिवार पर हमला करने वालों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री अनिल विज बुधवार को अपने अम्बाला आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। सीआईएसएफ जवान ने बताया कि जमीनी कब्जे के मामले में गत दिनों उनके पिता पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया था और उनकी एक अंगुली इस दौरान काट दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस तो दर्ज किया, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आरोपी अब उसके पिता व परिवार सदस्यों को धमकियां दे रहे हैं। इसी तरह, नूंह जिले के गांव अकलीमपुर के वर्तमान सरपंच ने पूर्व सरपंच पर मनरेगा के तहत विकास कार्यों में धांधली के आरोप लगाए। आरोप था कि इस मामले में सीएम उड़नदस्ते ने पूर्व सरपंच पर पहले ही धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है, मगर पुलिस पूर्व सरपंच पर मेहरबानी बरत रही है जिस कारण आरोपी की अदालत से जमानत हो चुकी है। गृह मंत्री ने इस मामले में एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए। वहीं, इसी मामले में गांव अकलीमपुर के ही व्यक्ति ने अलग शिकायत देकर आरोप लगाया कि उसने पूर्व सरपंच द्वारा विकास कार्यों में की गई धांधली का आरोप लगाया था जिसके बाद उस पर कुछ लोगों ने हमला किया। गृह मंत्री ने एसपी नूंह को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।


**कार्रवाई**

**8 तोशाम से बाहर किसी अधिकारी से कराने के निर्देश देते हुए पीड़ित परिवार पर हमला करने वालों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए**

**महिला की मौत के उपरांत डिपो होल्डर पर सवा साल तक राशन लेने का आरोपः** गृह मंत्री अनिल विज को करनाल से आए फरियादी ने शिकायत देते हुए बताया कि सवा साल पहले उसकी पत्नी की मौत हुई थी और तब उसने पत्नी की मृत्यु के दस्तावेज जमा कराकर कार्ड से नाम काटने को कहा था, इसके उपरांत जब सवा साल बाद उसने नया कार्ड बनवाया तो सीएससी सेंटर से उसे पता चला कि डिपो होल्डर सवा साल तक उसकी पत्नी के नाम से राशन लेता रहा, मंत्री ने मामले में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री अनिल विज को करनाल से आई महिला ने कबूतरबाजी मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। आरोप था कि एजेंट ने अमेरिका भेजने के नाम पर उसके बेटे से 30 लाख रुपए की ठगी की, पहले युवक को सर्बिया भेजा गया और उसके बाद स्पेन भेज दिया।

# कैबिनेट बैठक में पेश किया जा सकता है मृत शरीर सम्मान अध्यादेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



हरियाणा केबिनेट की मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में तीन जनवरी को होने वाली बैठक में हरियाणा मृत शरीर सम्मान कानून को लागू करने के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी जा सकती है। इसके साथ ही हुक्का बार पर कड़े प्रतिबंध के लिए हुक्का बार संशोधन अध्यादेश को भी मंजूर किया जा सकता है। मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाना था। लेकिन संभवत सरकार ने इस विधेयक के प्रावधानों पर और अध्ययन के लिए इसे स्थगित रखा गया। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 में कई तरह के प्रावधान हैं। यह विधेयक मृत व्यक्ति का शव सड़क पर रखकर कई दिनों तक प्रदर्शन करने की प्रवृत्ति बंद करने, मृत व्यक्ति का सम्मान बनाए रखने तथा शव के साथ सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने वालों की वजह से आम लोगों को होने वाली परेशानी को खत्म करने के इरादे से लाया जा रहा है।

## 31 दिसंबर तक प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज में शत प्रतिशत छूट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

चण्डीगढ़, 27 दिसम्बर - हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आम जनता के हितों का ध्यान रखते हुए संपत्ति करदाताओं को नगर निगम एरिया में अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टिद्द करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की गई है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि 31 दिसंबर, 2023 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व वर्ष 2023-24 के संपत्ति कर पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। तुरंत अपनी प्रॉपर्टी को स्व-प्रमाणित करके इस छूट का लाभ उठाएं। यदि किसी संपत्ति करदाता को अपनी प्रॉपर्टी स्व-प्रमाणित करने में कोई कठिनाई आ रही है तो वह संबंधित नगर निगम कार्यालय में स्थित नागरिक सुविधा केन्द्र में अपनी प्रॉपर्टी स्व-प्रमाणित करवा सकता है।

# अभय ने एचसीएमएसए द्वारा सरकार से की जा रही मांगों का किया समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**इनेलो** के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएसए) द्वारा सरकार से की जा रही मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चिकित्सा विभाग का भा बैठा दिया है। भजापा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश में चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। प्रदेश का लगभग हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सडकों पर उतरा हुआ है। खराब फसलों के मुआवजे और फसल बीमा को लेकर किसान, मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंगन वाड़ी कार्यकर्ता, विभिन्न मांगों को लेकर सरकारी कर्मचारी संगठन समेत अन्य वर्गों के लोग लगातार धरने, प्रर्दशन और आंदोलन कर रहे हैं। सरकारी सीएचसी, पीएचसी और सामान्य अस्पतालों में पहले से ही चिकित्सकों और दवाइयों की भारी कमी है। जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही उसपर डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से लोगों को इलाज कराने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री भ्रमित करने वाले बयान देते हैं। इनका दोहरा चेहरा इसी बात से साबित हो जाता है कि स्वास्थ्य मंत्री कहते हैं कि उन्होंने व मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए अलग से कैडर बनाने वाली फाइल को मंजूरी दे दी है।

# 'अखाड़े में दाव पेंच सीखने की उम्र 53 की नहीं, बचपन की होती है'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़, कुश्ती** हमारा सदियों पुराना पारंपरिक खेल है और अखाड़ों में दाव पेंच बचपन से ही सीखे जाते हैं, 53 की उम्र अखाड़ों में जाकर दाव पेंच सीखने की नहीं होती। इस 53 की उम्र में अखाड़ों में पंहुचकर राजनीतिक प्रपंच करने से न ही कुश्ती के और न ही राजनीति के दाव पेंच सीखे जाते । भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव बामनौला में पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कही। धनखड़ ने कहा कि पहलवान बनने के लिए बचपन से ही तपस्या करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि देसी भाषा में कहे तो राहुल गांधी ने पहलवान बनने की उम्र गुजार दी है। धनखड़ ने एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा मिशन 2024 के लिए तैयार है। देश और हरियाणा की जनता भाजपा को पिछली बार से भी ज्यादा बड़े बहुमत से सेवा करने का अवसर देने का मन बना चुकी है। भाजपा के पास मोदी जैसा सशक्त नेता है, पन्ने तक मजबूत क्रियाशील संगठन है। पार्टी के पास गरीब कल्याण की नीति और नीयत नेक है।

**तंज कसा**

**8 औमप्रकाश धनखड़ ने बामनौला में ग्रामीणों संग सुना पीएम मोदी का वर्चुअल संबोधन**

पीएम मोदी ने सुशासन के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक लोक हितैषी नीतियों का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मोदी की गांरटी के रथ गांव-गांव जरूरतमंदों के द्वार पंहुच रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने का आधार साबित होगी।

इसलिए पीएम मोदी बार-बार सीधे विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद से जुड़ रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव बामनौली और मुनीमपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव झलनिया में पहुंचने पर हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा - जन संवाद जागरूकता वाहन जिला फतेहाबाद के गांव झलनिया में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। यात्रा के दौरान गांव में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया और विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ दिया गया।

**जागरूक किया**

**8 विधायक लक्ष्मण नापा ने प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण कर दिलाई विकसित भारत की शपथ**

कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक श्री नापा का फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया। गांव झलनिया में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी करवाया गया जिसे विधायक और ग्रामीणों ने सुना। विधायक श्री नापा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉल्स का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में उपस्थितजन को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। इस दौरान श्री नापा ने प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निदान के लिए दिशा निर्देश दिए।

# आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बन जाएगा ड्रोन: धर्मबीर

**प्रधानमंत्री का स्वप्न है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब तक हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो: सांसद**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**



**सांसद** धर्मबीर सिंह ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़ी कारगर साबित होगी। ग्रामीणों को दिलवाई जा रही संकल्प शपथ लोगों देश के प्रति उनके कर्तव्य का एहसास करवा रही है। धर्मबीर सिंह बुधवार को जिला भिवानी के गांव संडवा में विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वप्न है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब तक हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो, इसके लिए हम सभी का योगदान जरूरी है। हमें नागरिक होने का कर्तव्य निभाना है। सांसद ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से की गई बातचीत का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे ग्रामीणों ने बड़े उत्साह व गौर से सुना। धर्मबीर ने अपने संबोधन में कहा कि देश को विकसित बनाने में सबसे बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी है, उनको हर प्रकार के नशे से दूर रहना होगा। उनमें अच्छे संस्कार होने जरूरी है। प्रार्थमिकता पर युवा, महिलाएं, खिलाड़ी और किसान हैं। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की महत्वाकांक्षी सोच है। श्री धर्मबीर ने कहा कि ड्रोन हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। आज जवान को रोजगार मिल रहा है और गरीब और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसान को अनाज का उचित दाम मिल रहा है। नहरों को पुनर्निर्माण करवाया गया है, ताकि किसान को खेत की सिंचाई के लिए नहरी पानी मिले। उन्होंने कहा कि देश के विकास में हम सभी का योगदान जरूरी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पूर्णरूप से आत्मनिर्भर होगा।सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले।

**उत्साह**

**8 देश को विकसित बनाने में सबसे बड़ी भूमिका युवा पीढ़ी है, उनको हर प्रकार के नशे से दूर रहना होगा**

## न्यूज फ्लैश

### एक प्रतिशत लोगों का 57 प्रतिशत धनसंपदा पर कब्जा: बीरेंद्र सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**
**पूर्व केंद्रीय** मैत्री वीरेंद्र सिंह ने कहा कि देश में एक प्रतिशत लोग 57 प्रतिशत धन आपूर्ति को पकड़ चुके हैं। जिस देश में आर्थिक अर्थशास्त्र बना हुआ है। जो धन देश की जनता के हित में जाना चाहिए। उसे एक प्रतिशत लोग दबाए बैठे हैं। आर्थिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। दो अक्टूबर को आयोजित सफल रैली में वह न्यूयॉर्क रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में अपने सहयोगियों का धन्यवाद करने के लिए आए थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष बिरेन्द्र के मित्र संगठन के जिला अध्यवसायी प्रदीप चहल ने की। देश पर 205 लाख करोड़ का कर्ज के सवाल पर उन्होंने कहा कि कर्ज है तो देश में भी शामिल हो रहा है। हरियाणा में करीब आठ राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं या रास्ते हैं। जब सभी राष्ट्रीय राजमार्ग चालू हो जायेंगे तो हरियाणा का विकास आपका हो जायेगा। हरियाणा की अर्थिक स्थिति में एक दम से उछाल आया।
बिरेन्द्र सिंह ने कहा कि चुनाव में जितने भी उनके साथी हैं, उनमें से अधिकतर को विधानसभा में जीत हासिल करना उनकी जिम्मेदारी है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन टूट जाएगा। गठबंधन नहीं चाहिए तो बिरेन्द्र सिंह भाजपा से जुड़ेंगे। वे अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने की संभावना व्यक्त करते हैं। इनमें दलबीर फोगाट, चैयरमैन जोगेंद्र, धर्मबीर दहिया, धर्मबीर छतेहरा, सिकंदर गंगाना, पूर्व सरपंच राममेहर राठी, रमेश आमिर, नेता जयसिंह साहिब, रामबिलास चहल, सुरंद्र नाथ, सचिन दहिया, रमेश लाठ, इंद्र सिंह आदि मौजूद हैं।

### गाँव गांव डेरा सिकलीगढ़ 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह सम्पन्न: सुखवीर मलिक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी हरियाणा द्वारा शुरू की गई पदयात्रा 23 दिसंबर को पानीपत ग्रामीण के इलाकों में हुई पदयात्रा जिसको प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिंह चित्रा सरवारा के नेतृत्व में हुई इस बदलाव यात्रा के बाद हरियाणा की जनता में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। यह यात्रा हरियाणा में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की गई थी।आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है। प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ डेरा सिकलीगढ़ मे सर्किल इंचार्ज के सहयोग से किया गया।
सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय (आइडेंटी कार्ड )पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। मलिक ने गांव गांव डेरा सिकलीगढ़ मे नव नियुक्त ग्राम सचिव टीटू गांव डेरा सिकलीगढ़ और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है गांव डेरा सिकलीगढ़ गांव सचिव टीटू के साथ-साथ सुनीता
सिंह, सोनू ,फूलवती, गुलाब कौर, ममता देवी ,विशाल ,टीटू, केला देवी ,विजय, टिंकू, विशाल, अजय ,बिजेंदर, रिंकू मीणा, मंगल संतोष ,बिबि देवी, इंद्र ,राकेश ,रोहतास ,राजू ,बंटी ,पिंकी ,नीतू कौर ,दया सिंह , ममता, अंजु देवी, लालू ,राजू ,फूलवती ,जानकी देवी,कमलेश ,
आकाश ,प्रदीप , केमलेश, सुरजीत सिंह, धनी देवी,रानी मोनू लाल शोमी सुखविंदर देवी जोबन सिंह पियासो कविता देवी कलु टिंकू विजय सुरेंद्र, करतार सिंह,करण सिंह ,महा सिंह , आदि मेम्बर मौजूद रहे।
इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे ,देवेंन सलूजा , होशियार सिंह वार्ड 6, संदीप, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ जेपी डी ए वी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

## मुख्यातिथि स्कूल मैनेजर, महान शिक्षाविद अनीता वडेरा का स्कूल प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गढी झंझारा** रोड स्थित जयंती प्रसाद डी ए वी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव शिखर की ओर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि स्कूल मैनेजर, महान शिक्षाविद अनीता वडेरा ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश ने स्कूल मैनेजर वडेरा का बुके देकर स्वागत किया।
प्रधानाचार्यचंद्र प्रकाश ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सोनीपत के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा, डी ए वी पब्लिक स्कूल रोहतक की प्रधानाचार्या रीतु वर्मा व महक फौगाट का बुके देकर सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा स्वागत गीत, हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य,भांगड़ा ,माइम एवं जीवन के रंग, नवरस के संग के अंतर्गत वीर रस ,रौद्र रस, करुण रस, हास्यरस, शांत रस आदि मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन के विभिन्न रंगों को दशार्या गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि बडेरा ने कहा कि आज का सांस्कृतिक कार्यक्रम वास्तव में कामयाबी के शिखर को छू रहा है और शिखर की और अपने नाम को भी सार्थक कर रहा है। बडेरा ने विद्यालय एवं कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय शिक्षा की नई बुलंदियों को छूएगा एवं नई कीर्तिमान भी स्थापित करेगा,ऐसा मेरा विश्वास है। वार्षिकोत्सव में राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले 35 गोल्ड मेडलिस्ट, 23 सिल्वर मेडलिस्ट और 15 ब्रोंज मेडलिस्ट विजेताओं को सम्मानित किया गया। भारत को जानो प्रतियोगिता में भी राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। समूह गान प्रतियोगिता में भी राज्य स्तर पर जाने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## 'जीवन को खुशहाल बनाने में वरदान साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गांव राजलू गढ़ी व लल्हेड़ी कलां में पहुंची। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से लाभार्थियों के साथ संवाद किया। जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ करते हुए विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना तथा सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर उनका लाभ देना सबसे पहली प्राथमिकता है। विधायक ने लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनके निवारण को लेकर अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा, इस सपने को साकार करने करते हुए देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल करने का काम करना है।

## चार दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** पुलिस और ग्राम पंचायत सिवाह के संयुक्त तत्वाधान में खेल स्टेडियम चौटाला रोड सिवाह में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सिवाह की सरपंच सुनीता कादियान रही जबकि अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने की मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता कादियान ने कहा कि खेलों से जहां तन मन स्वस्थ रहता है वहीं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से पुरस्कार स्वरूप अच्छी धनराशि और सरकारी नौकरी भी मिलती है यही नहीं हरियाणा को जहां भारतीय खेलों की जननी कहा जाता है वहीं आज हरियाणा के खिलाड़ी देसी विदेशी सभी प्रकार के खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि गांव शिवाह में इस समय जहां फुटबॉल कबड्डी रस्सा कस्सी और क्रिकेट की टीम प्रतिदिन अभ्यास करती है वहीं नए खिलाड़ियों को भी पूर्व खिलाड़ियों और ग्राम पंचायत की ओर से प्रेरित किया जाता है और इस कार्य को संपन्न करवाने में पूर्व सरपंच और आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य का भी उन्हें पूर्ण सहयोग मिलता है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहा फोकस, मूलभूत सुविधाएं भी बढ़ीः प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**जिले** की ग्रामीण सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। जिला परिषद का इस एक साल में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा करने पर फोकस रहा। गांवों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया गयाए ताकि प्रत्येक ग्रामीण के जीवन स्तर में सुधार और बदलाव आए। यह कहना है जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा का। जिन्होंने मंगलवार को जिला परिषद के सभागार में अपने पहले साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा और जिला परिषद के अन्य सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे। प्रेसवार्ता में जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने कहा कि दानवीर राजा कर्णनगरी के जिला परिषद के सभी 25 सदस्य जिले के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।

## जय श्री राम के नारों के गूंज उठा वार्ड नं 17-रमेश सैन रामसेवक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**22 जनवरी** को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहीं हैं । जिसको लेकर समस्त भारत में अयोध्या से चलकर श्री राम जी के पीलें चावलों के अक्षत कलश हर प्रदेश , जिलें और गांव तक पहुंच रहें हैं । श्री राम के पवित्र पीलें चावलों की अक्षय कलश यात्रा हमारे वार्ड नं 17 के शिव चौंक पर पहुंची । वार्डवाशियों के साथ मिलकर भव्य पद यात्रा के साथ पवित्र कलश को ग्रहण किया । कलश को सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं , बच्चों और गणमान्य नागरिकों के साथ ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए अपने आजाद नगर के राधा कृष्ण मंदिर और राज नगर के शिव मंदिर में सुरक्षित रखें गए । 1 से 15 जनवरी तक हर घर तक श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पीलें चावल , श्री राम जी का फोटो हर घर पहुंचाने का काम करेगें रामसेवक और सबको 22 जनवरी को 11 से 1 बजे तक अपने आस पास के मंदिर में लाइव प्राण प्रतिष्ठा प्रोग्राम देखने और भजन कीर्तन के लिए प्रेरित करेगें , 22 जनवरी की रात को अपने अपने घरों में 11 दिए जलाऐगें और दिवाली मनाऐगे । जय श्री राम के नारों के गूंज उठा वार्ड नं 17 । वार्ड वाशियों ने श्री राम जी की कलश यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर हमारे रामनिवास सैन रामसेवक, मेहरसिंह रोड़, मुन्ना, डॉक्टर विजय, पार्षद पति जशमेर शर्मा, तरुण पसरीचा , सतपाल मलिक, पंडित राम बाबू , दिनेश, प्रदीप आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
**दिल्ली वर्ल्ड** पब्लिक स्कूल में दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने परिधान प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने चरित्र के अनुरूप विचार प्रकट किये। बच्चों की सुंदर परिधानों व उनके वक्तव्य ने निर्णायक मंडल, अध्यापकगण व विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी का मनमोहन लिया। उनकी सुंदर प्रस्तुति ने परिधान स्पर्धा में चार चांद लगाए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रकट किए गए विचारों ने सभी को आविर्भूत कर दिया। प्रतियोगिता को पारदर्शिता के साथ करवाने के लिए निर्णायक मंडल *विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर अर्चना जैन, मुख्य अध्यापिका जीवन ज्योति और अन्य कक्षा के छात्र की माता अनुष्का गोयल ने नीर - क्षीर व विवेकपूर्ण ढंग से परिणाम घोषित किये । जिससे सभी छात्र और उनके अध्यापक पूर्ण रूप से सहमत थे।*
*घोषित किए गए परिणामों के अनुसार अनमोल , राव्या और एलिना ने प्रथम स्थान दीप्रा मैं दूसरा स्थान और विवेका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । वही विवान, विशेष, अंबर और लव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया ।आयोजन की जानकारी देते हुए विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सपना गुप्ता और एकेडमिक डायरेक्टर अर्चना जैन ने बताया कि छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार के चरित्र से अवगत कराने का और उनके भीतर उत्साह भरने का इससे अच्छा तरीका कोई और नहीं हो सकता इसलिए बच्चों को अपने आसपास होने वाले सभी क्रियाओ की जानकारी दिलाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं होनी जरूरी है। ताकि *उन्हें पता चले कि एक चिकित्सक का क्या कार्य होता है। एक जवान हमारी रक्षा के लिए सीमा पर किस प्रकार तैनात रहता है। एक वैज्ञानिक कहां तक हमारे देश को पहुंचा सकता है। इसीलिए इस प्रकार की प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम हम नियोजित करते हैं।

## ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय में क्रिसमस एवं वीर बाल दिवस पर छात्रों को दिया संदेश



**राईः ओम शांति** शिक्षा सदन विद्यालय में क्रिसमस एवं वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने कविता गायन एवं भाषण के माध्यम से सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के हॉनर एवं बलिदान सपूतों के साहब जादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के पराक्रम बलिदान की गाथाओं को बच्चों के सामने रखा। दोनों ही साहबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलिदानी दे दी, परंतु धर्म की ध्वजा को झुकने नहीं दिया । विद्यालय के प्रबंधक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने वीर बलिदानी दिवस के बारे में बच्चों को बताया एवं बच्चों को कर्मठ पराक्रमी बनने का संदेश दिया। बच्चों ने नाट्य रूपांतरण कर वीर बाल दिवस के बारे में बताया। निदेशक योगराज भारद्वाज ने बताया कि वीर बाल दिवस के पीछे एक कहानी है। मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिजों के नेता गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे। उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था। गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य धार्मिक उत्पीड़न से सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करना था। गुरु गोबिंद सिंह की तीन पत्रियों से चार बेटे थे. अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह। सभी चार बेटे खालसा के सदस्य थे।

## उधमसिंह की 125वीं जयन्ती मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**शहीदे आजम** उधमसिंह की 125 वीं जयन्ती के अवसर पर शहीद स्मारक पानीपत में सीटीएम राजेश कुमार सोनी और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कल्याणी एजुकेशन ग्रुप के बच्चों और लघुसचिवालय के स्टॉफ के साथ पौधारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम कहा कि लघुसचिवालय पानीपत में प्रतिदिन हजारों नागरिक काम के सिलसिले में प्रतिदिन आते जाते रहते हैं इसी के ध्यानार्ध शहीद स्मारक को सुंदर-सुंदर फूलो के पौधों से सजाया जा रहा है जिसकी जिम्मेदारी प्रोफेसर दलजीत कुमार ने स्वेच्छा से ग्रहण की है। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के जन्मोत्सव पर शहीद स्मारक में 25 इंग्लिश गुलाब व डहेलिया के फूलों के पौधे रोपित किए गए।

## भारत स्काउट एंड गाइड के दल को डीईईओ ने एमपी के लिए किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जिला** मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा पंचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में लगाए जा रहे भारत स्काउट एंड गाइड के 7 दिवसीय एडवेंचर कैंप में भाग लेने के लिए अंबाला जिला के 42 प्रतिभागियों के दल को आज सुबह अंबाला छावनी बस स्टैंड से रवाना किया । यह दल पहले हरियाणा रोडवेज की बस से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगा, उसके बाद ट्रेन यात्रा करते हुए 28 दिसंबर को सुबह 8 बजे पंचमढ़ी पहुंचेगा। भारत स्काउट एंड गाइड, हरियाणा द्वारा पंचमढ़ी मध्य प्रदेश में यह 487वां एडवेंचर कैंप आयोजित किया जा रहा है जिसमें भाग लेने वाले विद्यार्थी ट्रैकिंग और पर्वतारोहण जैसी गतिविधियां करेंगे। अंबाला से इस कैंप में स्काउट एंड गाइड के डीओसी संजय शर्मा, मनोज कुमार, राम कुमार और हरीश चन्द मिश्रा के नेतृत्व में 4अध्यापकों, 4 अध्यापिकाओं, 24 गाइड (लड़कियां) और 6 स्काउट (लड़के) का दल पंचमढ़ी में जिला अंबाला का प्रतिनिधित्व करेगा। डीईईओ सुधीर कालड़ा ने दल को रवाना करने से पहले सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि एडवेंचर कैंप में सभी स्काउट एवं गाइड्स ने आपसी सदभाव और अनुशासन का परिचय देना है और एडवेंचर कैंप की प्रत्येक गतिविधि में उम्दा प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश में भी अंबाला एवं हरियाणा राज्य का नाम रोशन करना है।

## 'इस बार भाजपा-जजपा की ठगबंधन सरकार होगी जमना पार'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र** सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की शिव नगर कॉलोनी (बबैल रोड़) में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि लुटेरी भाजपा जजपा की गठबन्धन सरकार ने जनता बीते 9 वर्षों में प्रदेश की भोली जनता को मात्र ठगने का काम किया है। झूठे वादे किए और जनता के वोट से सत्ता में आकर अब अपने खोखले वादे पूरे नहीं किए। और समस्त कालोनियों का हाल जस का तस बना हुआ है। जनता में झूठी भाजपा सरकार के खिलाफ रोष है। आज महंगाई के मामले में प्रदेश शीर्ष पर है और प्रदेश में आए दिन लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार, फिरौती आदि में शीर्ष पर है । लेकिन जनविरोधी सरकार केवल अपनी जेब भरने में लगी हुई है। आज भ्रष्टाचार, महंगाई के मामलें में में अव्वल है।

## संपादकीय

# 'गठबंधन' और सनातन

देश में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन इस बार और बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। विपक्ष भी आईएनडीआईए बनाकर हुंकार भर रहा है। वर्ष 2023 में हुए कुल नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश , कर्नाटक व तेलंगाना में विजय प्राप्त हुई है। मगर इस गठबंधन में कई पेंच इतनी बुरी तरह से उलझ गए हैं कि सुलझना कठिन होता जा रहा है।

भाजपा राम मंदिर, सनातन संस्कृति के उत्थान और विकसित भारत संकल्प यात्रा के बल पर लगातार आगे बढ़ती जा रही है। मगर विपक्ष का गठबंधन अभी तक चार बैठकों के बावजूद संयोजक का नाम तक तय नहीं कर पाया है। 19 दिसंबर को बैठक में कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल दलों से सीट साझा करने पर चर्चा करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जब दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस को सफलता मिली तब कुछ विश्लेषकों को ऐसा लगने लगा कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू उतरने लगा है और कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष के मन में आशा का एक नया संचार हुआ है किंतु राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम का रिजल्ट आते ही इन विश्लेषकों को सांप सूंघ गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक विजय ने विपक्ष की बोलती बंद कर दी।

अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, वामपंथी नेता सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं को निमंत्रण भेजा। अभी यह पक्का नहीं है कि सनातन विरोधी इस गठबंधन के नेता अयोध्या जाते हैं या नहीं। माना तो यही जा रहा है कि इनमें से कई नहीं जाएंगे। सबसे ज्यादा फजीहत इस गठबंधन की साथी समाजवादी पार्टी की होनी है। कौन नहीं जानता रामभक्त कारसेवकों पर मुलायम सिंह यादव ने ही गोली चलवाई थी। मुस्लिम-यादव गठजोड़ से सत्ता पाने वाले उनके पुत्र और सपा नेता अखिलेश यादव समारोह में चले जाते हैं तो उनके एम-वाई समीकरण को गहरा आघात लगना तय है।

राम मंदिर निर्माण के समर्पण अभियान पर सपा नेताओं ने संघ व भाजपा को चंदाजीवी कहकर अपमानित किया है। आम आदमी पार्टी ने दो कदम आगे जाकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के चंपत राय पर जमीन घोटाले के फर्जी आरोप लगा दिये। वास्तविकता यह है कि आज इस पार्टी के कई बड़े नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह व सुरेंद जैन सलाखों के पीछे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले के मुख्य किरदार बताए जा रहे हैं। ईडी का सामना तक नहीं कर पा रहे। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सभी दल व नेता हिंदू सनातन संस्कृति, भारतीय सभ्यता व संस्कृति, भाषा, रहन सहन व खानपान के घोर विरोधी हैं। सभी नेता मुस्लिम तुष्टिकरण, ईसाइयत और पश्चिमी सभ्यता के आकंठ डूबे हुए हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में पराजय के बाद विरोधी दलों के नेता संतुलन ही खो बैठे हैं। द्रमुक नेता तो सनातन धर्म का उन्मूलन करने का प्रण तक ले चुके हैं। गठबंधन के बड़े सरमायेदार मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी खामोश हैं। आज राममला की प्राण- प्रतिष्ठा समारोह में जाना कांग्रेस के लिए सांप- छछूंदर की गति जैसा हो गया है। जाएं तो मुश्किल और न जाए तो भी मुश्किल।

# कांग्रेस की जाट राजनीति का टूल हैं पहलवान

–आशीष वशिष्ठ

"कांग्रेस की सारी रणनीति और पैंतरेबाजी की बावजूद पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। उसे दो सीटों पर जीत मिली। जाट बेल्ट में तो उसका खाता ही नहीं खुला। वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा था, और उसे 7 सीटों पर जीत मिली थी। तब पश्चिम उत्तर प्रदेश से उसके दो विधायक बेहट ओर सहारनपुर सीट जीते थे। वर्तमान में यूपी में कांग्रेस दो विधायक हैं। जो प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से हैं। सोनिया गांधी यूपी से एकमात्र कांग्रेस सांसद हैं। 100 सदस्यों की विधान परिषद में उसकी सदस्य संख्या शून्य है। साल 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को सत्ता से बुरी तरह बेदखल किया। 117 सीटों में से 92 सीटें आप ने जीती तो कांग्रेस के हिस्से में मात्र 18 सीटें आई"

**किसान** आंदोलन की समाप्ति के बाद से देष की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पहलवानों के जरिए अपनी जाट राजनीति को आगे बढ़ा रही है। कांग्रेस की इस राजनीति में अतिमहत्वकांक्षी पहलवान शामिल हैं। साक्षी मलिक की कुष्ती से संन्यास, बजरंग पुनिया और विनेष फोगाट की सम्मान वापसी इसी ओर इषारा करती है कि, पहलवानों को न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। नाराज पहलवानों से मिलने प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी का पहुंचना पूरी तरह साफ करता है कि, पहलवान कांग्रेस के की जाट राजनीति के टूल हैं। पहलवान आंदोलन में हरियाणा के युवा जाट नेता और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की सहभागिता और सक्रियता सार्वजनिक है। जंतर मंतर में पहलवानों के धरने के दौरान प्रियंका पहलवानों से मिलने गई थी। ऊपरी तौर पर लड़ाई भले ही पहलवानों और कुष्ती संघ के बीच दिखाई देती हो, लेकिन इसके जड़ में जाट वोटों की राजनीति है। माना जाता है कि देश में जाट बिरादरी की आबादी कुल जनसंख्या का 6 फीसदी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में जाटों की आबादी अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। दिल्ली और इससे सटे राज्यों की करीब 40 लोकसभा सीटों पर जाट वोटरों का सीधा प्रभाव है। हरियाणा में जाटों की आबादी 25 फीसदी है। पंजाब में भी जाटों की जनसंख्या 25 से 30 प्रतिशत आंकी जाती है। राजस्थान में 12 और दिल्ली में 12 फीसदी आबादी इसी बिरादरी की है। 22 करोड़ की जनसंख्या वाले यूपी में जाटों की आबादी महज दो फीसदी मानी जाती है, मगर पश्चिम उत्तर प्रदेश की 18 लोकसभा सीटों पर जाति का दबदबा है। हरियाणा में पिछले दस साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। किसान आंदोलन के बाद से कांग्रेस को हरियाणा में राजनीतिक संभावनाएं अपने पक्ष में दिखाई देती हैं। उसे लगता है कि किसान और पहलवानों के कंधों पर सवार होकर भाजपा को हरियाणा की सत्ता से बाहर किया जा सकता है। वहीं लोकसभा चुनाव में हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के जाट वोटरों के प्रभाव वाली सीटों में भी उसे इसका फायदा मिलेगा। जाट बिरादरी के बड़े गढ़ हरियाणा में कांग्रेस पिछले दस साल से सत्ता से दूर है। हरियाणा से गांधी परिवार के करीबी कई बड़े जाट नेता हैं। जिनमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा,



रणदीप सिंह सुरजेवाल, दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख हैं। लेकिन इन नेताओं के सारे यत्नों और प्रपंचों के बावजूद हरियाणा में उनकी दाल गल नहीं रही। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटों पर मोदी की सुनामी के आगे किसी राजनीतिक दल की नहीं चली। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी धराशायी हो गई। भाजपा ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए यहां सभी दस सीटों पर विजय पताका फहराई थी। कांग्रेस के बड़े जाट नेता भूपेंद्र हुड्डा सोनीपत और उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से हार गए। भूपेंद्र और दीपेंद्र के अलावा कांग्रेस के दिग्गज नेता कुमारी शैलजा, निर्मल सिंह, कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेष अध्यक्ष अशोक तंवर, कैप्टन अजय यादव और अवतार भड़ाना को भी हार का मुंह देखना पड़ा। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस और इंडियन नेशनल लोकदल यानी इनेलो को हराकर हरियाणा में सात सीटें जीती थी। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से जीते थे। इनेलो ने हिसार व सिरसा की दो सीटें जीती थी। साल 2014 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 90 सीटों में से 47 पर विजय हासिल कर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 40 सीटें जीती और दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी यानी जजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। पिछले दस साल से बीजेपी की हरियाणा में सरकार है। जाट बहुल जनसंख्या वाले राज्य हरियाणा में बीजेपी की मजबूती और पकड़ कांग्रेस को अखर रही है। प्रदेष में बीजेपी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस ने किसी न किसी तरह मनोहर लाल की सरकार को अस्थिर करने की कोषि की। जाट आरक्षण, किसान आंदोलन और पहलवान आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका सार्वजनिक है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन की समाप्ति के बाद साल 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में योगी सरकार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। तमाम विरोधों और आंषकाओं के बाद भी 37 साल बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा हुआ कि किसी दल ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई हो। चुनाव से पहले प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी जाट बेल्ट में भाजपा को नुकसान की आशंका राजनीति के जानकार बता रहे थे। कांग्रेस ने यह चुनाव यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में लड़ा। कांग्रेस की सारी रणनीति और पैंतरेबाजी की बावजूद पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। उसे दो सीटों पर जीत मिली। जाट बेल्ट में तो उसका खाता ही नहीं खुला। वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा था, और उसे 7 सीटों पर जीत मिली थी। तब पश्चिम उत्तर प्रदेश से उसके दो विधायक बेहट ओर सहारनपुर सीट जीते थे। वर्तमान में यूपी में कांग्रेस दो विधायक हैं। जो प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से हैं। सोनिया गांधी यूपी से एकमात्र कांग्रेस सांसद हैं। 100 सदस्यों की विधान परिषद में उसकी सदस्य संख्या शून्य है। साल 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को सत्ता से बुरी तरह बेदखल किया। 117 सीटों में से 92 सीटें आप ने जीती तो कांग्रेस के हिस्से में मात्र 18 सीटें आई। भाजपा और शिरोमणि दल का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। पंजाब में भी जाट वोटर हार जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। राजस्थान में भी जाट वोटों की बड़ी अहमयित है। हालिया विधानसभा चुनाव में राजस्थान में भाजपा ने कांग्रेस को बड़ी षिकस्त देकर सत्ता से बेदखल किया है। राजस्थान में बिश्नोई बहुल 27 सीटों में से 24 पर भाजपा की जीत हुई है। हरियाणा से सटे राजस्थान की अधिकतर सीटों पर भाजपा उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इनके जाट बहुल होने के बावजूद जननायक जनता पार्टी और कांग्रेस का प्रदर्शन फीका रहा। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस की सरकारों ने लंबे समय तक राज किया है। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो जाट वोटरों के प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस की ताकत लगातार कमजोर हुई है। कांग्रेस के अलावा जाट वोटों की राजनीति करने वाले इंडियन नेषनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और अन्य दल भी बीजेपी के सामने कमजोर दिखाई देते हैं। दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस को जाट वोटरों के हिसाब से उम्मीद की रोशनी हरियाणा में सबसे ज्यादा दिखाई देती है। अगले साल आम चुनाव के बाद साल के आखिरी महीनों में हरियाणा विधानसभा के चुनाव होंगे। ऐसे में उसका फोकस लोकसभा चुनाव में जाट वोटरों का समर्थन पाने और हरियाणा की सत्ता की हासिल करने पर है। अपने मंसूबे पूरे करने के लिए किसान आंदोलन के बाद अब कांग्रेस पहलवानों के जरिए जाट वोटरों को अपने पाले में लाने और बीजेपी की जाट बिरादरी में नेगेटिव छवि बनाने की कोशिशों में जुटी है। आंदोलन वाले पहलवानों को पार्टी की ओर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में टिकट देने की बात कही गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान से जाट समाज के अंदर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस को लेकर रोष का भाव है। ऐसे में बाजी हाथ से खिसकते देख विपक्ष खासकर कांग्रेस ने, जाट वोट बैंक के लिये साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया आदि पहलवानों को आगे कर दिया। सभी घड़ियाली आंसू बहा रहे है। पहलवानों को न्याय मिलना चाहिए लेकिन जब, मामला ही कोर्ट में है तो थोड़ा इंतजार किया जाना चाहिये, दोषी को सजा कोर्ट देगा।

## कविता

सहस्त्राब्दी के
शब्द ,
आती आती हवा मैं,
आए थे कुछ शब्द
अप्रवासी पंछियों की
तरह,
पर ओझल हो गए
बसंत के जाते ही,
किसी गहरी सोच की
तलाश में,
किसी मसीहा की राह
तकते ,
तार-तार हवा में,
या फिर,
खोखले ब्रह्म में,
ओझल होना

शब्दों का
कोई नई घटना नहीं
है,
ऐसा सहस्त्राब्दी में
यदा-कदा होता रहता
है,
फिर ओझल हुए
शब्द,
एक जाल बुनते हैं
और खुद ही उलझ
जाते हैं,
या टूट कर बिखर
जाते हैं,
और कुछ भी नहीं हो
पाता है
कहीं भी नहीं

**संजीव**

# वादों के सुनहरे सपने

**रामविलास जांगिड़**

भारतीय राजनीति में कोरे वादे नहीं किए जाते। इन वादों के साथ कोई ऐसी कसम भी खाई जाती है, जो उनके इरादों को जमने ही नहीं देती। हर एक नेता को कुर्सी से हटने ही नहीं देती। प्राण जाए पर वचन न जाए, कसम, कसमें-वादे, कसम तेरी कसम नामक भव्य कसमें खाकर राजनीतिज्ञ आपस में एक दूसरे का बहुत अपमान करते हैं। एक पार्टी से निकलना और दूसरी पार्टी में घुसना कसम खाने-खिलाने के साथ ही शुरू होता है। चुनाव काल में हर एक नेता तरह-तरह की कसमें खाता-खिलाता है। मां कसम बदला लूंगा, सनम तेरी कसम, कसम पैदा करने वाले की, राम कसम, हिन्दुस्तान की कसम, कसम खुदा की, मेरा वचन रहा, मैं वचनबद्ध हूं, गीता की कसम आदि नीतिगत बातें राजनीति के बाजार में संपूर्ण अनीति के साथ भरपूर लहराती है। वादे पत्र, घोषणा पुलिंदे, संकल्प यात्रा आदि के सहारे वादे निभाने के कई-कई रोड शो होते हैं। वोटरों के मन में कसमों के सुनहरे सपने धरते हैं। वादा, ये वादा रहा और वचन पूरा करूंगा जैसे कई जन आंदोलन चलाए जाते हैं। इसी के समानांतर रोड शो का आयोजन किया जाता है। बड़े-बड़े सियासी बाज कसमों वादों के लिए तरह-तरह के डांस-गानों का उपयोग करते हैं। कई ऐसे गाने भी रचे गए जो कसमों वादों की मिसाल बन गए। वे कसमे-वादे वोट के वोट लूट ले गए। पार्टी बाजों के कसम कारीगरों ने मुख्यमंत्री का पद भी हथिया लिया। कसम जनता की फ्री में बिजली दी जाएगी। ये वादा रहा कि हर एक मोहल्ले में हॉस्पिटल खोला जाएगा। इस बार हमारी पार्टी पर यकीन करना खुदा कसम हम हर घर में पानी के बंबे लगा देंगे। ये पार्टी का वादा है कि गली-गांव के सभी मच्छरों तक को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। ये पक्का वादा है, राम कसम इस बार सड़कें ऐसी बनाई जाएगी जो रंभा, मेनका, उर्वशी, तिलोत्तमा आदि के गालों से भी ज्यादा खूबसूरत होगी। कसमें वादे निभाएंगे हम, ली मैंने कसम ली, कसम खुदा की यकीन कर लो इन सियासत दानों की कसमों पर! एक कुर्सी तेरे लिए कुछ भी करूंगा, बुरा न मानूंगा। देख कसम से, सनम तेरी कसम, वादा तेरा वादा, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा, वादा करते नेता जी, क्या हुआ तेरा वादा, वादे की शाम है निभाना जैसी लाइनों के साथ वादा फरामोश कार्यक्रमों में एक पार्टी दूसरी पार्टी से झगड़ने के लिए प्रवक्ताओं की एक पूरी फौज टीवी पर छोड़े हुए है। ये वादा करो कुर्सी के सामने, वादा करो नहीं छोड़ोगे तुम मेरा साथ, कसमें वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या, वादा न तोड़, वादा करो जनम-जनम, तुम अगर साथ देने का वादा करो और वादा रहा सनम जैसे गीत गाते हुए एक नेता दूसरे नेता के जाल में उलझता है। इन्हीं गीतों के सहारे एक पार्टी दूसरी पार्टी से गठबंधन करती है। वे गठबंधन के रैपर में ठगबंधन करती है। अंत में ये सब कार्यक्रम लठभंजन में बदल जाते हैं। कसमें वादे प्यार वफा, सब बातें हैं बातों का क्या? ये बातें जानते हुए भी हर एक वोटर अपना वोट इन्हीं सियासत खोरों को डाल देता है। कुर्सी के लिए स्वार्थ, पैसा, शोहरत, अहंकार आदि सभी पहलुओं के आधार पर कसमों-वादों का एक पूरा सियासी बाजार सजा है।

## विचार

# कोरोना की दहशत और भारतीय रेल

**निर्मल रानी**

**देश में एक** बार फिर घोर संक्रमणकारी मर्ज कोरोना के संभावित विस्तार को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पूरे देश को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। भारतीय स?वास्?थ?य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अबतक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक?वेंसिंग के माध?यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। परन्तु स?वास्?थ?य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इसे लेकर फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि नए वैरिएंट की चपेट में आए अधिकांश लोगों का इलाज अब तक घर पर ही संभव हो सका है। फिर भी देश उन दिनों को भूल नहीं पा रहा जब भारत सहित विश्व के अधिकांश देश 'लॉक डाउन ' से जूझ रहे थे। उस समय विश्व की अनेक सरकारों ने जहां कोरोना के वैश्विक प्रसार को रोकने के लिये पूरे विश्व की विमान सेवाओं को स्थगित कर दिया था वहीँ देश के भीतर रेल व बस सहित लगभग सभी सार्वजनिक यहाँ तक कि निजी वाहनों के आवागमन को भी कोरोनाकाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। माना जाता है किसी भी देश में महामारी के विस्तार में सबसे बड़ी भूमिका रेल प्रणाली की ही होती है। क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में यात्री एक दूसरे के निकट आते जाते व बैठते हैं तथा देर तक और दूर तक साथ यात्रा करते हैं। इसलिये किसी भी महामारी के विस्तार में रेल सबसे अहम भूमिका निभाती है। अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की खबर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं।कई एयर पोर्ट पर यात्रियों की प्रारंभिक व जरूरी जांच शुरू हो चुकी है। कुछ राज्यों ने मास्क अनिवार्य कर दिए हैं। सरकार की ओर से भी नागरिकों को कोरोना से बचाव सम्बन्धी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश की रेल व्यवस्था जिसे की कोरोना विस्तार का सबसे अहम कारक माना जाता है उसे लेकर सरकार और रेल मंत्रालय की तरफ से क्या तैयारियां हैं? इत्तेफाक से पिछले दिनों एक पारिवारिक विवाह समारोह में शिरकत करने के लिये लखनऊ जाने का मौका मिला। कोरोना विस्तार के भय के साये में हो रही लखनऊ की यह रेल यात्रा बेहद चौकस होकर करनी पड़ी। परन्तु अफसोस की बात तो यह है कोरोना की दहशत के साये में भी ट्रेन में दुर्व्यवस्था,गंदिगी,विभागीय अवहेलना का वही आलम देखने को मिला जो आम तौर पर भारतीय रेल में हमेशा ही दिखाई देता है। मेरा आरक्षण 13307 गंगा सतलुज ट्रेन में था। अपराह्न करीब तीन बजे ट्रेन लखनऊ पहुंची। धनबाद से चलकर लखनऊ पहुँचने वाली ट्रेन के वातानुकूलित कक्ष में फर्श पर हर तरफ चादर कम्बल आदि फैले हुये थे। यह उन यात्रियों के थे जो धनबाद लखनऊ के बीच इसका इस्तेमाल कर छोड़ गए थे। परन्तु साथ चल रहे बेडिंग वितरण स्टाफ की अनदेखी व अकर्मण्यता के चलते उन्हें समेटा नहीं गया था जिसके चलते वह डिब्बे में इधर उधर गुजरने वाले यात्रियों के जूतों की ठोकरें खा रहे थे। कई वातानुकूलित कक्ष तो ऐसे थे जिसके एक प्रवेश द्वार को इन्हीं बेड रोल वितरण स्टाफ द्वारा बेड रोल के बोरों से भरकर स्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। इससे यात्रियों द्वारा कम्पार्टमेंट का एक ही दरवाजा प्रयोग में लाया जा रहा था जोकि उस डिब्बे में चढ़ने उतरने वाले यात्रियों के लिये काफी भीड़ भरा व कष्टदायक था। दूसरी तरफ मेरे जैसे अनेक यात्री जो लखनऊ से अपराह्न 3 बजे सवार हुये थे उन्हें ठण्ड होने के बावजूद रात आठ बजे तक बेडिंग नहीं दी गयी। उधर इसी ट्रेन के डिब्बे में टॉयलट से लेकर आवागमन के रास्तों में यहाँ तक कि शयन बर्थ पर गंदिगी का वह आलम था की जगह जगह कॉकरोच विचरण करते दिखाई दे रहे थे। वाश बेसिन ओवरफ़्लो हो रहे थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# वैश्विक सभ्यता, संस्कृति को विश्व युद्ध से बड़ा खतरा

**संजीव**

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी।

दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है।

# कब सुधरोगे

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमेशा** देश के साथ विकासशील का टैग लगा रहता है। जैसे शोरूम में न बिकने वाली कमीज के साथ लगा मूल्य का टैग।

कमीज बिके न बिके देश बिकता चला जाता है। सरकारी कंपनियों वाली दुधारु गाय जनता रूपी बछड़ों को छोड़कर सरकार रूपी ग्वाले के हाथों दूह ली जाती है और दे दी जाती है निजी व्यापारियों को जो उसका पनीर बनाकर मौज करेंगे। फिर चाहे बछड़े मरे या फिर गाय। क्या फर्क पड़ता है? ऐसे में जीते जी विकास को देखना किसी ताज्जुब से कम नहीं है। कल कुछ ऐसा घटा जो इस देश में हर दिन घटता है। बस अंतर केवल इतना था कि मैं इस घटती हुई घटना को पहली बार देख रहा था। हुआ यूँ कि एक स्मार्ट सिटी के तमगे से चमचमाते शहर में झुग्गी-बस्ती वाला लड़का जिसके बदन से कंकाल जबरन बाहर निकलने की चीख-पुकार कर रहा था, रेल की पटरियों पर संडास करते हुए दिख गया। उसे देखते ही महात्मा गांधी की ऐनक याद हो आई जिसमें स्वच्छ भारत की स्वच्छता अपनी चरमोन्नत अवस्था को छू रही थी। यह रेल की पटरियाँ भी बड़ी गजब होती हैं! यह केवल बुलेट ट्रेन के लिए ही नहीं बुलेट प्रवाह सी उदर पीड़ा को निपटाने में भी काम आती हैं। देरी होने पर बुलेट का ह्यलेट बूह्ल होने का खतरा बना रहता है। बहरहाल कुल मिलाकर जीते जी विकसित देश का ऐसा दृश्य दिखाई दिया जिसके लिए मैं ऊपरवाले का शुक्रिया अदा करता हूँ। बुलेटी प्रवाह वाली उदर पीड़ा की निपटान के लिए पटरी पर आसन जमाए स्वच्छ भारत की शोभा बढ़ाने वाले उस लड़के ने एक हाथ में मोबाइल थाम रखा था, जबकि दूसरी ओर बुलेट ट्रेन की प्रतीक्षा में पटरियाँ उतावली हुई जा रही थीं। यह दृश्य मानो ऐसा लगा जैसे विकास नाम का बालक स्वच्छ भारत की धरती पर हाथ में डिजिटल इंडिया थामे हुए बुलेट ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहा हो।

## न्यूज फ्लैश

### एक जिम्मेदार नागरिक कभी भी देश को संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाता: पन्नु



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**द यमुना** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलसौरा के विद्यार्थियों ने आज जीवन पथ पर जिम्मेदारी के साथ आगे बढने के लिए आवश्यक गुणों व सफलता के व्यावहारिक पक्ष के बारे में जानकारी प्राप्त की और सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने का प्रण लिया। नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) की ओर से चल रहे बहूआयामी अभियान देश की बात के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने उन्हें यह सारगर्भित जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पन्नु ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक कभी भी देश को संपत्ति को नुकसान नहीं पहुँचाता, क्योंकि उसे आभास रहता है कि इस देश को आजाद करवाने में उसके बड़े बुजुर्गों की कुर्बानियाँ शामिल हैं व इसके विकास में उसके पूर्वजों द्वारा टैक्स का पैसा लगा हुआ है। देश की संपत्ति उनकी ही है, यह मालिकाना एहसास ही किसी को एक ज़िम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। प्रीतपाल पन्नु ने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व की ताकत, कमजोरियों को पहचान कर अपना लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी व साथ ही जीवन के अवसरों व लक्ष्य प्राप्ति के समक्ष आने वाली मुसीबतों को समय रहते पहचान कर उनका पहले ही हल निकालने की आवश्यकता पर बल दिया। जीवन में एक लक्ष्य प्राप्त न होने पर जीवन कभी समाप्त नहीं होता, बल्कि उस एक असफलता से मिला अनुभव दूसरे लक्ष्य की प्राप्ति में सहायता करता है। इस एहसास की कमी ही विद्यार्थियों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर करती है। यमुना पब्लिक स्कूल के चेयरमेन रणबीर गोयत ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की सोच के साथ शुरू किए गए देश की बात अभियान को राष्ट्र व समाज हित में बताते हुए सभी से आज बताई गई बातों को आत्मसात करने की सलाह दी। मंच संचालन निफा के आजीवन सदस्य सूरिंदर दत्त शास्त्री ने किया। इस अवसर पर निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, जेनेसिस क्लासेज के संस्थान प्रथम की काउन्सलर मोनिका शर्मा व कानन इंटरनेशनल से दलेर सिंह, स्कूल प्रिंसिपल रवि कुमार, निफा के इंद्री प्रधान शिव शर्मा, पूर्व प्रधान जगतार सिंह सहित स्कूल के अध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर विद्यालय में निफा द्वारा आयोजित मेरे सपनों का भारत विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। जूनियर विंग में प्रथम स्थान पर रुद्राक्ष, दूसरे स्थान पर कशिश, तीसरे स्थान पर कृतिका रही, जबकि सीनियर विंग में पहले स्थान पर भावना, दूसरे स्थान पर पलक व तीसरे स्थान पर दृष्टि रही।

### पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस बेहतरीन कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पखवाड़ा चलाया हुआ है, जिसमें प्रतिदिन स्कूल, कॉलेज की छात्राओं और अन्य महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के बारे जागरूक किया जाता रहा है। जिला पुलिस शुरूआत से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
इसी क्रम में डीएसपी महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने राजकीय स्कूल अराईपुरा, कोहंड और टिकरी में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।
महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया। टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

### दिवाली पर हुई हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

**रोहतकः गांव कारौर** में दिवाली पर हुए गैंगवार में हुई एक युवक की हत्या के मामले में अपराध जांच शाखा की टीम ने मुख्य आरोपी सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार देसी पिस्तौल व 40 कारतूस बरामद किये है। एक सप्ताह पहले भी एक ढ़ाबे पर हुए फायरिंग के मामले में आरोपी सीसीटीवी में नजर आए थे। बुधवार को अपराध जांच शाखा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आईएमटी मानेसर के गांव भांगरोला से मुख्य आरोपी जतिन सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी राकेश मलिक ने बताया कि दिवाली के दिन गांव करौर निवासी मोहित गैंगवार के चलते गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता अजीत के ब्यान पर जतिन व अन्य साथियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था और जतिन उसी दिन से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने जतिन को साथियों के साथ काबू किया है और पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# भूसली-बीजना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## घरौंडा में बन रहे ट्रेनिंग सेंटर से एसएचजी की हजारों महिलाओं को होगा फायदा: हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**विधायक हरविंद्र** कल्याण ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांवों में स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों को प्रशिक्षण देने के लिए घरौंडा में साढ़े तीन करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला ट्रेनिंग सेंटर बनाया जा रहा है। समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को अच्छी कीमत मिले, इसकी भी योजना सरकार बना रही है।
हरविंद्र कल्याण आज गांव भूसली और बीजना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। लोक संपर्क विभाग के कलाकारों बिजेन्द्र नरवाल व उनकी पार्टी द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए गए। भूसली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



का लाइव संदेश सुनाया गया। दोनों गांवों में भाजपा के जिला चुनाव संयोजक जगदीश राणा ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले सरपंच राजेंद्र सिंह ने और बीजना में सरपंच प्रतिनिधि सुनील त्यागी ने विधायक का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।
विधायक ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए हैं। गरीब परिवारों की बेटियों के लिए कॉलेज स्तर तक पूरी फीस माफ की गई है। जिन परिवारों की आय 1.80 रुपये से 3 लाख रुपये तक है उनकी बेटियों के लिए आधी फीस सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के तहत गांवों में स्थापित किए गए स्वयं सहायता समूह बेहतर कार्य कर रहे हैं। इनके माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इन समूहों को प्रशिक्षण देने के लिए घरौंडा में ट्रेनिंग सेंटर बनाया जा रहा है। भूसली गांव में 16 स्वयं सहायता समूहों से 200 और बीजना में 30 ग्रुप में करीब 300 महिलाएं जुड़ी हैं। विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सेवा भाव से कार्य कर रही है। घरौंडा हलके में कई सौ करोड रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं। लोगों से अपील की कि वे ईमानदारी नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं ताकि आने वाले समय में भारत विकसित राष्ट्र बन सके। साथ ही लोगों से अपील की कि वे बच्चों को मेहनत और ईमानदारी के संस्कार दें। गांव भूसली में हरजीत और सुशील कुमार की और बीजना में 4 लोगों की मौके पर ही पेंशन बनाई गई। इसके अलावा 53 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। विधायक ने गांव भूसली में सेवानिवृत्त सूबेदार जगीर सिंह, रिटायर्ड हवलदार शमशेर सिंह ऋषि लाल, सतबीर सिंह, संतलाल राजू, ईश्वर सिंह, दयानंद और शाहिद भगवान सिंह के भाई रामपाल को सम्मानित किया। इसके अलावा विद्यार्थी तान्या, हर्षित, डिंपल, यश, अंशु, वैभव, तेजल, दिया, शिवानी, सृष्टि, यश सभरवाल, मुस्कान, मानसी, शगुन और रितिक को भी पुरस्कृत किया। गांव भूसली में आज प्रभारी देवी, जसबीर और केला देवी के बीपीएल कार्ड बनाए गए। उज्ज्वला योजना के तहत सोनिया को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया गया। बीजना में आईसीडीएस की सुपरवाइजर सुशीला और वर्कर बबीता ने महिलाओं को बाल एवं विकास विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। गांव भूसली में मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, जिला भाजपा सचिव मंजू खैन्ची, धीरज कुमार, ब्लॉक समिति अध्यक्ष गौरव कुमार, तरसेम राजेश कुंडू और गांव बीजना में बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, सरपंच प्रतिनिधि सुनील त्यागी, बबीता, देवेंद्र त्यागी पूर्व सरपंच, महक सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## प्रभु के दर पर भिखारी नहीं भक्त बनके आओ: विशुद्ध सागर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**संत** शिरोमणि आचार्य 108 विशुद्ध सागर महामुनिराज महाराज ने बुधवार को कहा कि भगवान के दर पर भिखारी नहीं भक्त बनकर आओ, मन के अंदर दयाभाव पैदा करने से पुण्य की प्राप्ति होगी और जीवन में विकास प्राप्त करने के लिए विनाश के कारक काम, क्रोध, मोह से बचना है।
महामुनिराज एवं 30 साधुओं का सोनीपत पहुंचने पर जैन धर्मावलम्बियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बैंडबाजों के साथ सेक्टर 15 में स्थित जैन मंदिर में पहुंचने पर महिलाओं ने आरती कर वंदना की और शांतिधारा का आयोजन किया गया। हलवाई हट्टा स्थित पांचों मंदिरों की परिक्रमा के बाद बड़ा जैन मंदिर में भारी भीड़ मुनिराज के दर्शनों के लिए एकत्र थी। विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि जीवन में धन की बजाए ज्ञान बढ़ाओ, चरित्र को शुद्ध रखो, जिन भवनों को आज बना रहे हो, वह गिर गये तो दोबारा बन जायेंगे, परन्तु चरित्र गिर गया तो फिर नहीं स्थापित हो पायेगा, यदि स्वयं पतित हो तो फिर दूसरों का उद्धार कैसे करोगे। युवाओं का विकास करना है तो उनमें ज्ञान का विकास करो तभी उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य हासिल हो पायेगा और देश मजबूत होगा।

## पोक्सो एक्ट के प्रशिक्षण हेतु 104 मास्टर ट्रेनरों को किया जा रहा तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला** शिक्षा एवम प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में जिले के सभी छह खण्डों के 104 एबीआरसी और बीआरपी को बाल यौन अपराध रोकथाम अधिनियम 2012 (पोक्सो एक्ट), जुविनिले जस्टिस एक्ट और बाल अधिकार अधिनियम के प्रशिक्षण हेतु बतौर मास्टर ट्रेनर तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मुख्य ट्रेनर बृजेश वत्स ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सीडीपीओ करनाल कार्यालय से भी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 26 दिसम्बर



से 29 दिसम्बर तक करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद 1 जनवरी से 6 जनवरी तक समस्त करनाल जिले के 778 राजकीय विद्यालयों के मुखियों को ये मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण देंगे।
इस कार्यक्रम का अवलोकन डाइट प्रचार्या विद्योत्मा देवी ने किया और प्रशिक्षुओं को इस कार्यक्रम के उद्देश्यों कि प्राप्ति के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। विद्यालयों और अन्य संस्थाओं को बच्चों के अनुरूप सुरक्षित बनाया जा सके। अपराध होने कि दशा में बच्चों को न्याय दिलाया जा सके और अपराधी को सख्त से सख्त सजा दी जाए। नियोजन, रोकथाम और उपचार में राज्य और अध्यापकों कि क्या भूमिकाएं हैं, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण उपरान्त प्रधानाचार्य अपने विद्यालय स्टाफ को जागरूक करेंगे और विद्यालयों में सुरक्षित माहौल प्रदान करने के उतरदायी रहेंगे। सभी विद्यालयों में पोक्सो ग्रीवेन्स एवम रेड्रेस्सल कमेटियों का गठन किया जाएगा, जिसका तालमेल एवं क्रियान्वहन विद्यालय स्टाफ , पीटीए एवं एसएमसी सदस्य, पुलिस महिला सेल और सीडीपीओ पोक्सो सेल द्वारा किया जाएगा। बृजेश वत्स ने बताया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षा मिलना उसका मौलिक अधिकार है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
**गुरू विद्यापीठ** देहरादून, हरियाणा कला परिषद् पर्यटन मंडल एवं सांस्कृतिका एक सार्थक पहल समिति द्वारा पर्यटन बाल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजकीय महाविद्यालय बडौता की अंग्रेजी विषय की सहायक प्राचार्या डॉ. सागर अमीर को दो सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्होंने उस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. सारिआम को सामुदायिक कृष्ण पवांर की उपाधि दी गई। वह स्थानापन्न मुख्य अतिथि थे।



डॉ. स्त्रीद आमिर को शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा एवं नारी संप्रदाय के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। अंतिम विलक्षणा समाज सारथी सम्मान 2023 से नवाजा गया। ऑलडे ग्लोबल एजुकेटर आइकॉन स्पोर्ट्स 2023 से भी सम्मानित किया गया है।
उत्कृष्टा एक सार्थक पहल समिति की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सुलक्षणा अहलावत ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय बडौता में अंग्रेजी की सहायक प्राचार्या डॉ. किरण शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर काम कर रही हैं। उन्हें यह सम्मान अलंकृत करते हुए समिति गौरवान्वित अनुभव कराती है। गुरु विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा एवं अनुसन्धान के क्षेत्र में अनूठे योगदान के लिए डॉ. सरिता आमिर एवं डॉ. मीना देवी को ग्लोबल एजुकेटर आइकॉन स्टोर्स 2023 से भी सम्मानित किया गया।

## 'मुख्यमंत्री शहरी स्थानीय निकाय स्वामित्व योजाना का उठाएं लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**मुख्यमंत्री शहरी** स्थानीय निकाय स्वामित्व योजना का नगर निगम के किराया दुकानदारों को लाभ उठाना चाहिए। इसके लिए सरकार की ओर से बीते नवंबर माह में सेल ऑफ शॉप पोर्टल पुनः खोला गया था, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि सेल ऑफ शॉप पोर्टल पर नगर निगम की 556 दुकानें पंजीकृत हैं, इनमें से 290 दुकानों के किराएदारों ने मालिकाना हक लेने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 161 दुकाने शामलात कस्बा भूमि पर है, जिन पर सिविल कोर्ट ने स्टे लगाया हुआ है। उन्होंने बताया कि 64 दुकानें अन्य विभागों की भूमि पर बनी हुई हैं, ऐसे केस सम्बंधित विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त 33 दुकानों की रजिस्टरी करवाई जा चुकी है। दस्तावेजों की कमी के कारण 20 केस रद्द किए गए हैं तथा 10 केस प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि जिन दुकानों की रजिस्ट्री करवाई गई है, उनमें कर्ण पार्क स्थित बाईक मार्किट, पुरानी सब्जी मंडी, अर्जुन गेट व जुण्डला गेट क्षेत्र तथा नगर सुधार मंडल की दुकाने शामिल हैं।
31 दिसम्बर 2020 को 20 साल की अवधि पूरी कर चुके किराया दुकानदार बन सकते हैं दुकानों के



मालिक- निगमायुक्त ने बताया कि ऐसे रेंट दुकानदार जो 31 दिसम्बर 2020 तक 20 साल की अवधि पूरी कर चुके हैं, वह इस पॉलिसी का लाभ लेने के पात्र हैं। उन्हें सबसे पहले योजना के सेल ऑफ शॉप्स पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा, जो ओपन है, इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इसलिए रेंट दुकानदारों को जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि वे इसका लाभ ले सकें।
निगमायुक्त ने बताया कि आवेदक या दुकानदार द्वारा कन्वेंस डीड की एनओसी के लिए, नियमानुसार दुकान की भूमि से सम्बंधित विकास शुल्क, जल सीवरेज उपयोग शुल्क तथा ठोस अवशेष शुल्क को ऑनलाईन नगर निगम कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि डिमांड नोटिस प्राप्त होने उपरांत कुल राशि का 25 प्रतिशत भुगतान 15 दिनो के अंदर-अंदर जमा करवाने के बाद शेष राशि का पूर्ण भुगतान 3 माह के अंदर-अंदर करना होता है।

## आप के छात्र विंग के जिलाध्यक्ष कांग्रेस में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पूर्व** विधायक सुमिता सिंह व प्रदीप मान ऑब्जर्वर एआईसीसी के नेतृत्व में अनिकेत सहोत्रा आम आदमी पार्टी के छात्र विंग के जिला प्रधान व नौजवान साथियों ने आम आदमी पार्टी को छोडकर कांग्रेस में आस्था व्यक्त की। इसके साथ अन्य नौजवान साथियों सहित साहिल, रॉबिन, कार्तिक, अंकित, अंश, दिवांशु, प्रदीप, नवीन, नवनीत, हिमांशु त्यागी, संयम, रोहन, नवराज, यशवीर, प्रवेश, कबीर, बृजेश, अंकित, योगी और भारी संख्या में युवा कांग्रेस में शामिल हो गए। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका



पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा । प्रदीप मान ऑब्जर्वर ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है, चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची है। जनता आज कांग्रेस की तरफ देख रही है। कांग्रेस ने जो बनाया था, उसे भाजपा गंवाने में लगी है। उनका इशारा निजीकरण करने की ओर था उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो सबको साथ लेकर चलती है।
अनिकेत सहोत्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का बदलाव व ईमानदारी का वायदा एक खोखला नारा है। ईमानदारी का झूठा वादा कर लोगों को अपने से जोड़ते हैं। हमने हताश होकर उनकी नीतियों के खिलाफ जाकर राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है । सुमिता सिंह ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। उनको अपना भविष्य कांग्रेस में सुरक्षित दिख रहा है। उन्होंने हरियाणा में रिकॉर्ड बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए कहा कि हरियाणा में तेजी से बढ़ रही नशाखोरी और अपराध का मूल कारण बेरोजगारी है।

## कुंजपुरा में श्रीराम जी के जयकारों से गुंजायमान हुआ वातावरण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**पौष** मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा बुधवार को कुंजपुरा गांव में श्रद्धा उमड़ी। अवसर यह कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नूतन मंदिर में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा निमित्त पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के तहत गांव में शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य बाजार स्थित रामलीला भवन से शोभायात्रा शुरू की गई और विभिन्न स्थानों से होते हुए गौशाला पर संपन्न हुई। जहां प्रसाद वितरण किया गया।
संत प्रेमपाल सागर के सानिध्य में निकाली शोभायात्रा के दौरान गांव का वातावरण श्रीराममय हो गया। धर्म ध्वज लेकर ग्रामीण शोभायात्रा में शामिल हुए और प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए। संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसी उपलक्ष्य में अयोध्या से अक्षत कलश वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि करनाल जिले में घर-घर में प्रभु श्रीराम जी को युगों से पूजा जाता है। विभिन्न अवसरों पर सामाजिक, धार्मिक संगठन रामायण पाठ व रामलीला मंचन का आयोजन करते हैं। कुंजपुरा गांव में 1930 से नियिमित रूप से रामलीला मंचन किया जा रहा है। जब अयोध्या में श्रीराम मंदिर को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शिलादान किया था तब भी ग्रामीणों ने मिलकर बड़ा उत्सव मनाया था। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही गांव व क्षेत्रवासी दीपावली की तरह जगमग करेंगे।
क्षेत्रवासी मेरे राम सबके राम उक्ति को चरितार्थ करते हुए आज भी दिखाई देते हैं। अभिवादन के रूप में राम-राम करते हैं। गहरी आस्था यहां तक है कि नाम के साथ भी राम शब्द जोड़ते हैं। किसी भी पीढ़ी के नामों में ऐसा देख सकते हैं।

## 'अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**देशभर** में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में गांवों के पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ लेने के लिए उमड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ वैन विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव गंगाटेड़ी व बाहरी में पहुंची।
इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव संबोधन भी सुना। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशनएबीपीएल कार्डएअंत्योदय योजना का



लाभएपरिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ देकर अंत्योदय के सपने का साकार किया जा रहा है।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिएनिरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था।
उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले नौ साल से निरंतर गरीबों के हक के लिएसंघर्षरत हैं। उन्होंने प्रदेश में ऐसी योजनाएं लागू भी की हैंएजिन्हें गरीब हितकारी कहा जा सकता है।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने अपने संबोधन में कहा कि इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के क्रियान्वयन के लिएक्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है।
भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर वीरेन्द्र चैहान ने भी अपने संबोधन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### चाय-बिस्किट खाने पीने वाली मीटिंग न हो SYL का समाधान हो : जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**
जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने वीरवार को र छ के पानी को लेकर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्री की होने वाली मीटिंग पर बयान जारी करते हुए कहा कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री र छ के पानी के मुद्दे के समाधान के लिए ये मीटिंग करेंगे न कि चुनावी स्टंटबाजी में । इस बार हरियाणा के मुख्यमंत्री से उम्मीद है कि वे हरियाणा को अपना हक दिलवाएंगे और र छ के पानी के मुद्दे का समाधान करवाएंगे । इसे चुनावी मुद्दा नहीं बनाएंगे। जयहिंद ने कहा कि हरियाणा की लाखों एकड़ जमीन पानी न मिलने की वजह से बंजर पड़ी है। अगर हरियाणा को उसके हक का पानी मिले तो किसान इस जमीन अनाज उगा कर भूखी जनता का पेट भर सकता है ।
जयहिंद ने आगे कहा कि आज भी हरियाणा की जनता को साफ पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से महिलाओं और बच्चों में कैंसर जैसी भयावह बीमारियां फैल रही है । वहीं कई जिलों में भूमिगत पानी पाताल में जा चुका है। जयहिंद ने सुप्रीमकोर्ट के आदेश का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह से सरकार ने बाग को खाली करवाने के लिए कोर्ट के आदेश माने। उसी तरह से र८' के मामले पर भी सुप्रीम कोर्ट का फैसला मान्य होना चाहिए जो कि हरियाणा के हक में आया हुआ है। ये फैसला भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है।

### निर्माणाधीन मकान व मंदिर से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
कुंडली थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकान व मंदिर से नकदी व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी बारोटा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव अकबरपुर बारोटा निवासी युवती ने 26 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 24 दिसबंर को उसे मकार के साथ बने मंदिर व उसके साथ कृष्ण निवासी खेड़ी मनाजात के निर्माणाधीन मकान से मशीन चोरी हो गई। वहीं मंदिर से 50 से 60 हजार रुपये की राशि चोरी हो गई। अपने स्तर पर सामान व राशि की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना किया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी अनुप कुमार की टीम ने चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी की नकदी से 1500 रुपयसे व पत्थर काटने वाली मशीन व बिजली की तार बरामद की है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### सरकारी राशन की दुकानों पर मिलेगा खानपान से सजने संवरने तक का सामान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सरकारी राशन की दुकान से अब खान पान से लेकर सजने संवरने तक के तमाम सामान आप खरीद सकते हैं। यहां मानक युक्त एवं सुरक्षित प्रोडक्टों की बिक्री सुनिश्चित की जाएगी। इन दुकानों पर बिकने वाली सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी खाद्य आयुक्त एवं रसद विभाग के स्तर पर गठित समिति करेगी। इस सूची में उन 35 वस्तुओं को शामिल किया गया है जिनका रोजमर्रा की जिंदगी में बहुतायत में उपयोग होता है। ये सामान गेहूं, चावल, दाल, आटा, चीनी, खाद्य तेल, मिट्टी तेल, मोटा अनाज, नमक के अतिरिक्त होंगे। शासन की ओर से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित दर दुकानों के दुकानदारों की आमदनी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री का अनुमति दी गई है। दूध, दूध से बने बने पैक्ड उत्पाद, बिस्किट, ब्रेड, गुड़, घी, नमकीन, सूखे मेवा, मिठाई, मसाले, दूध पाउडर, कपड़े के कपड़े, राजमा, सोयाबीन, क्रीम, धूपबत्ती, कंघी, दर्पण, झाड़ू, पोंछा, ताला, छाता, रेनकोट, वॉल हैंगर, टूथब्रश, डिटर्जेंट पाउडर, मच्छर रोधी अगरबत्ती, बर्तन धोने का साबुन, पाउडर, टार्च, दीवार घडी, माचिस, रस्सी, पाइप, बाल्टी, मग, छलनी, हैण्डवॉश, बाथरूम क्लीनर, शेविंग किट, बेबी केयर उत्पाद आदि की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य आयुक्त एवं रसद विभाग के स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें एक सदस्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का होगा। यह समिति अनुमन्य वस्तुओं की समय समय पर समीक्षा करते हुए इनकी संख्या में

# हरियाणा के अस्पतालों में न दवाइयां, न मशीनें और न डॉक्टर : अनुराग ढांडा

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से ठप पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जहां पहले से ही हरियाणा में ठप पड़ी हैं, वहीं हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर के राज में सरकारी अस्पतालों की हालत बद से बदतर है, न दवाइयां हैं, न



मशीनें और 50% से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा जो डॉक्टर हैं वो भी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश की जनता प्राइवेट अस्पतालों में महंगे बिलों में इलाज करवाने को मजबूर हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार से चिकित्सकों की जायज मांगों को पूरा करने की मांग की।
उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मांगों के पूरा न होने के रोष स्वरूप 19 दिसंबर को सभी चिकित्सकों ने अपनी ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर काम किया था, इसके बाद 20 दिसंबर को सरकार को ज्ञापन भेजा। लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को लेकर कोई सुनवाई नहीं की, जिसके चलते 27 दिसंबर बुधवार को नागरिक अस्पताल की ओपीडी में सेवाएं बंद रखी गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उनकी मांग को अनसुना करने पर एसोसिएशन ने लंबे आंदोलन की राह पर चलते हुए 29 दिसंबर को ओपीडी व इमरजेंसी में अपनी सेवाओं को पूर्ण बंद करने की कहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि हरियाणा में डॉक्टरों के साथ सालों से अन्याय हो रहा है। डॉक्टरों की मांग है कि सरकार सीधा सीनियर मेडिकल ऑफिसर की भर्ती करती है। इसलिए मेडिकल ऑफिसर को 18-20 साल तक प्रोमोशन नहीं हो पाता। मेडिकल ऑफिसर के साथ अन्याय हो रहा है। इसलिए सीधी एसएमओ की भर्ती पर रोक लगाई जाए। केंद्र सरकार और बिहार सरकार डॉक्टरों को एसीआर चार-नौ-13 और 20 साल पर लगाती है। जबकि हरियाणा में ये पांच-10 व 15 साल पर लागू है। इसलिए इसको केंद्र की तर्ज पर किया जाए। वहीं, उनकी मांग है विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक अलग कैडर बनाया जाए। प्रदेश में विशेषज्ञों की कमी को पूरा किया जाए। कैडर के अनुसार विशेषज्ञ ओपीडी के अलावा दूसरा काम नहीं करेंगे।

## नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने में जुटें युवा: यज्ञदत्त



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता युवा मोर्चा मथुरा महानगर द्वारा जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय मथुरा में हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर बृज क्षेत्र अध्यक्ष मनीष गौतम एवं भाजपा प्रदेश आईटी सेल सह संयोजक गौरव ने माल्यार्पण कर किया। वरिष्ठ भाजपा नेता चिन्ताहरण चतुर्वेदी ने युवाओं को भाजपा सरकार की उपलब्धि और विकसित भारत के संकल्प के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय शर्मा ने नमो ऐप के द्वारा जनता को जोड़ने की योजना युवाओं को बताया। मुख्य वक्ता के रूप में मनीष गौतम ने युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रम नव मतदाता सम्मेलन,विवेकानंद जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आदि के लिये अभी से जुटने का निर्देश दिया। मंत्री पवन हिंडोल ने आगुंतकों का स्मृति चिन्ह भेंट किये।

## राजस्थान सीएम की पत्नी कर रहीं गोवर्धन की दंडवती परिक्रमा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान कृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोवर्धन धाम में आस्था और भक्ति का जन सैलाब उमड़ रहा है तो वहीं राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा की पत्नी गीता शर्मा भी मंगलवार को गोवर्धन पहुंचीं और गिरिराज महाराज की दंडवती परिक्रमा शुरू की। इस दौरान सीएम की पत्नी गीता शर्मा गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर जाम में फंस गईं। स्थानीय प्रशासन की



व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त नजर आईं और नो व्हीकल जोन में गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर वाहनों के प्रवेश से कई किलोमीटर दूर तक जाम के हालात उत्पन्न हो गए। मंगलवार को सीएम भजन लाल शर्मा की पत्नी गीता शर्मा अपने बेटे के साथ गोवर्धन पहुंचीं। पूंछरी के लौठा से गिरिराज महाराज की दंडोती परिक्रमा शुरू की। वह दंडवती परिक्रमा करती हुई गोवर्धन पहुंचीं, तो ई रिक्शा के जाम में फंस गईं। वह भजन लाल शर्मा के सीएम बनने पर खुशी में बेटे के साथ गिरिराज दंडवती परिक्रमा लगा रही हैं। इससे पहले सीएम भजन लाल शर्मा स्वयं पत्नी के साथ गिरिराज प्रभु के दर्शन एवं पूजन करने यहां आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। सीएम की पत्नी पांच दिन में 21 किमी की परिक्रमा पूरी करेंगी।

## 15 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। 26 दिसम्बर की रात को गोकशी के अभियोग में वांछित इनामिया अपराधी जावेद के साथ पुलिस की मुठभेड़ नगरिया मोड़ छाता बरसाना रोड पर पुलिस मुठभेड़ के पास हुई। कोहरे का फायदा उठाकर जावेद पुत्र मौ. यामीन निवासी पहाडनों वाला, इकबाल नगर कस्बा जोया थाना डिडोली जिला अमरोहा तेजी से जलालपुर की तरफ मुड़कर मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास करने लगा तो फिसल कर गिर गया। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया। जावेद के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस व दो जिंदा कारतूस व एक मोटरसाइकिल प्लेटिना बिना नंबर की बरामद हुई है।

## रालोद कार्यकर्ताओं ने जयंत चौधरी का 45 वां जन्मदिन मनाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में जिला कार्यालय राधापुरम स्टेट गणेशरा रोड मथुरा पर राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद चौधरी जयन्त सिंह का 45 वां जन्मदिन जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
केक काटकर मिठाई वितरण किया। ईश्वर से कामना की कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी दीर्घायु हों और पार्टी को शिखर तक पहुंचाने में कामयाब हों। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने बताया कि जयंत



चौधरी ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में तीन साल की आयु में छूट को लेकर सर्वप्रथम मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। साथ ही राष्ट्रीय लोकदल ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन भी किया था। जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने शाम को आयु में छूट प्रदान कर दी। जिसको जयंत चौधरी ने अपने जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा माना। उनकी इस सोच से पता चलता है कि वो युवाओं के लिए संवेदनशील हैं क्यों कि प्रदेश एक मात्र नेता थे जिन्होंने सबसे पहले इस आयु में छूट के मुद्दे को उठाया।

# धरने पर बैठे कर्मियों को मिला गिरफ्तारी का आश्वासन, धरना समाप्त

**आश्वासन**
8 - गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बिजली कर्मियों को दिया गिरफ्तारी का आश्वासन

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
भांवर गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के विरोध में शहरी कार्यालय के बिजली कर्मी भी कामकाज छोड़ कर धरने पर बैठ गए। बिजली कर्मियों पर धरने पर बैठने की वजह से ग्रामीण के साथ-साथ शहरी कार्यालय का भी कामकाज पूरी तरफ से प्रभावित



हो गया। इस दौरान बिजली निगम के कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। बिजली कर्मियों ने कहा कि गन्नौर पुलिस ने टीम के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की। इस मुकदमें में पुलिस ने अपहरण की धारा नहीं जोड़ी क्योंकि हमलावरों ने जेई को जबरदस्ती घर में ले जा कर भी पीटा था। इस तरह से बिजली चोरी करने वालों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। उन्होंने जब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नही होती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।बिजली निगम के कर्मचारियों के धरने पर बैठने की सूचना पर गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार गढ़ी झंझारा रोड स्थित ग्रामीण कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने धरना दे रहे यूनियन के पदाधिकारियों व बिजली कर्मियों को बताया कि पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर गंभीर है। मारपीट करने के आरोपित फरार चल रहे हैं, लेकिन पुलिस की टीम उनका पता लगाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बुधवार देर रात तक पुलिस मामले में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर लेगी। जिसके बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया, लेकिन गिरफ्तारी न होने पर बृहस्पतिवार को फिर से धरने पर बैठने की चेतावनी थी दे दी।- एसडीएम से मिले एक्सईएन मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली निगम के एक्सईएन अश्वनी कौशिक, एसडीओ सचिन दहिया, एसडीओ प्रवीन कुमार भी एसडीएम डा. निर्मल नागर से मिले। उन्होंने भी एसडीएम से मामले में कड़ी कार्रवाई करवाने की मांग की। इसके बाद एसडीएम ने एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा से बातचीत करने के बाद निगम के अधिकारियों को मामले में कड़ी कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया।

## श्रमिक को मिलेंगे 1.25 लाख रुपये महीने, यहां मिलेगा काम का मौका

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राजमिस्त्री, टाइल्स कारीगर, शटरिंग कारीगर को एक लाख रुपये से अधिक का प्रतिमाह वेतन मिलेगा। श्रमिक को अंग्रेजी समझने और बोलने का ज्ञान होना चाहिए। इन श्रमिकों को 15 हजार रुपये प्रतिमाह बोनस फण्ड के भी के रूप में मिलेंगे। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के रोजगार के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत इजराइल में सुरक्षित स्थान पर बिल्डिंग निर्माण से सम्बन्धित कार्य करने वाले श्रमिक जैसे राजमिस्त्री, टाइल्स कारीगर, शटरिंग कारीगर तथा जाल बनाने वाले कारीगर आदि कार्यों के लिए, भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कारपोरेशन के माध्यम से श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित किए जा रहे हैं। श्रमिक अथवा श्रमिक का परिवार पूर्व में कभी इजराइल में कार्य न किया हो। श्रमिकों को प्रतिमाह 1,25,000 लगभग वेतन के रूप में दिया जाएगा। श्रमिक को 15 हजार प्रतिमाह बोनस फंड के रूप में दिया जाएगा, जो कंपनी के खाते में जमा रहेगा जो कार्य समाप्ति पर वापस होगा। श्रमिक को आने जाने का व्यय स्वयं वहन करना होगा। श्रमिक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। श्रमिक को कम से कम तीन वर्ष कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है। इच्छुक श्रमिक सहायक श्रमायुक्त श्रम विभाग के कार्यालय में तत्काल सम्पर्क कर सकतें है।
यह शर्त करनी होंगी पूरी
श्रमिक चारों प्रकार के कार्यों में से किसी एक कार्य में निपुण हों। श्रमिक का पासपोर्ट उपलब्ध हों।

## खुरपका मुहंपका से पशुओं को बचाने में जुटीं 27 टीमें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
7 लाख 90 हजार पशुओं को खुरपका मुहंपका से बचाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग की ओर से सघन वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत करीब 15 हजार पशुओं का वैक्सीनेशन प्रतिदिन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय से लगातार वैक्सीनेशन कार्यक्रम की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान में 27 टीमों को लगाया गया है। ब्लॉक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मथुरा जनपद में वर्ष 2019 की पशुगणना के मुताबिक करीब 7 लाख 90 हजार गाय और भैंस हैं। उसी के आधार पर टीकाकरण का लक्ष्य तय किया गया है। हालांकि चार साल से कम उम्र और आठ माह से अधिक की गर्भित पशु को टीकाकरण अभियान में शामिल नहीं किया गया है।

# सीजन के पहले कोहरा ने थाम दी रफ्तार, हुए हादसे

**रफ्तार पर ब्रेक**
8 छाता गोवर्धन रोड पर रनवारी के समीप नायब तहसीलदार की कार और स्कूल बस भिड़ गई।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सीजन के पहले कोहरे ने रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। वहीं कई जगह आपस में वाहन भिड गये। छाता गोवर्धन रोड पर रनवारी के समीप नायब तहसीलदार की कार और स्कूल बस भिड़ गई। घटना में दो स्कूली बच्चों सहित पांच लोग



घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक छाता त्रिलोक सिंह के मुताबिक सुबह करीब आठ बजे हादसा हुआ। एंजिल पब्लिक स्कूल की बस थी। बस में करीब 30 बच्चे थे। बस और बोलेरो के चालक घायल हुए हैं। बोलेरो चालक की हालत गंभीर है। बोलेरो नायब तहसीलदार के लिए संविदा पर लगी हुई थी। जिस समय हादसा हुआ बोलेरो में संविदा चालक ही था। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जिसकी हालत नाजुक बताते हुए चिकित्सकों ने उसे भरतपुर रैफर कर दिया। बस ड्राइवर ने बताया कि बोलेरो नायब तहसीलदार की थी। बाइक को बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया। जिसमें कर सवार ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे कई लोगों की मदद से गाड़ी से बाहर निकाल कर नजदीकी हॉस्पिटलमें भर्ती कराया गया।
एक्सप्रेस वे पर खडे ट्रक में जा घुसी कार
थाना महावन क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेस वे पर रोड किनारे खडे ट्रक से कार टकरा गई।
इसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई, कार चालक को भी चोट लगी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।
हादसा महावन क्षेत्र में माइलस्टोन 122 के समीप हुआ। यहां बुधवार सुबह एक ट्रक खराब हो गया।

# मैं छह महीने वाला विधायक नहीं हूं ओर ना ही मेरी कोई सेवा चुनावी हैः छौक्कर

**/टीम एक्शन इंडियासमालखा 27 दिसंबर ( कुलदीप सिंह )**
शिक्षा ग्रहण करने के लिए समालखा से पानीपत आने जाने वाली स्कूल व कॉलेज की छात्राओं के साथ साथ काम काजी महिलाओं को विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने नव वर्ष की सौगात देते हुए दो बसों की निःशुल्क सेवा शुरू की है। बुधवार सुबह समालखा से पानीपत के लिए बस को रवाना करते हुए कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने अपने राजनीतिक विरोधियों को संदेश दिया कि वह कोई छः महीने वाला विधायक नहीं है। उनके द्वारा शुरू की गई बस सेवा मौसमी या चुनावी सेवा नहीं है जो चुनाव के बाद बंद कर दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि वह जुबान का धनी है जो कहता हूं उसे पूरा करना अपना धर्म समझता हूं। मैंने 2014 में खानपुर पीजीआई के लिए जो बस सेवा शुरू की थी वो पिछले दस सालों से निरंतर जारी है। विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने बताया कि उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता चौधरी पंठी राम व भाई इन्द्र सिंह छौक्कर के नाम पर जो ट्रस्ट बनाई है उसी के तहत वह जनसेवा को ही अपना धर्म समझता है। इसी के तहत वह समालखा के लोगों को नव वर्ष पर एक बड़ी सौगात दे रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने प्रदेश सरकार को भी निशाने पर लिया ओर कहा कि समालखा रेलवे रोड के अतिक्रमण सहित रेहड़ी पटरी वालों की समस्या को विधानसभा में उठाया था। नगर पालिका के अधिकारी रेहड़ी पटरी वालों के आलू प्याज तक उठा ले जाते है। वह सरकार उजाड़ने का काम करती है आबाद करने का नहीं।
उन्होंने कहा कि जबसे पानीपत का नया बस अड्डा बना है समालखा की छात्राओं को सिवाह स्थित नया बस अड्डा से स्कूल कालेज आने जाने के लिए मुश्किल हो रही है इसीलिए विशेष कर छात्राओं की समस्या को देखते हुए बस चलानी पड़ी है जो छात्राओं की सुविधानुसार चक्कर लगायेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जब आठ माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद जो हरियाणा रोडवेज की बसें फ्लाइओवर के उपर से जाती है उनके खिलाफ सख्ती होगी ओर सभी लोकल व लंबे रूट की रोडवेज बस का समालखा में ठहराव सुनिश्चित किया जायेगा।

# तापमान में हुई गिरावट, जिला आपदा प्रबंधन ने जारी की एडवाइजरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है, ऐसी स्थिति में सर्द हवाओं के चलने के कारण ठंड का प्रकोप और भी बढ़ने की संभावना बनी रहती है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने ठंड, पाला, घने कोहरे से बचाव की तैयारी के लिये एडवाइजरी जारी की है। रात्रि में बंद कमरे में परिवार के साथ अंगीठी जलाकर न सोएं। बंद कमरे में अंगीठी जलाने से जहरीली गैस बनने तथा दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। बच्चों को जलते हुए अलाव के पास अकेला न छोड़े व



आग को पानी डालकर अवश्य बुझायें। घर में पानी गर्म करते समय भी बच्चे का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त सर्दियों के कपड़े स्टॉक करें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती है। बच्चों को अच्छी तरह ऊनी कपड़ों से ढक कर रखे एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें। पीने व स्नान करने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग अवश्य करें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले वाले, हल्के, वायुरोधी गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े ब्लड सकुर्लेशन को कम करते हैं। ठंड से बचाव के लिये जनपद में विभिन्न स्थानों पर तहसील, नगर पालिका, नगर पंचायत के द्वारा दैनिक रूप से जलाये जा रहे हैं अलाव का सहारा लिया जा सकता है। शीतलहर, ठंड को दृष्टिगत निराश्रित, असहाय, गरीब व्यक्ति सुरक्षा के लिये जनपद में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरों का सहारा लें।

# मेयर की अध्यक्षता में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की हुई बैठक

## नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 9 करोड़ 52 लाख 09 हजार से होंगे विकास कार्य, नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सर्वसम्मति से 9 करोड़ 52 लाख 09 हजार का बजट हुआ स्वीकृत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बुधवार को** नगर निगम मेयर कार्यालय में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए आज लगभग 09 करोड़ 52 लाख 09 हजार ? के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, कमेटी उपाध्यक्ष निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, सह सदस्य एवं निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर मुख्य रूप से मौजूद रहे। इन विकास कार्यों में 02 करोड़ 08 लाख 88 हजार ? की लागत से वार्ड 12 में लगभग 15 -16 पार्कों का सौंदर्यीकरण और जीणोर्धार किया जायेगा। जिसमे पार्कों में रंग रोगन ,चारदीवारी की मरम्मत,पैदल पथ ( वाकिंग ट्रैक ) की मरम्मत और आवश्यकता अनुसार टाइल्स लगाना, पार्कों में आवश्यकता अनुसार नए दरवाजे लगाना और रेलिंग इत्यादि की मरम्मत करना शामिल है।

साथ ही नगर निगम क्षेत्र में 2 करोड़ 48 लाख 94 हजार ? की लागत से स्ट्रीट लाइट्स लगाने के लिए सहायक सामग्री खरीदने और लाइट लगाने का कार्य होगा। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 65 लाख ? की लागत से 5000 नई स्ट्रीट लाइट्स खरीदी जाएंगी।

सेक्टर 14 में महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क (हुड्डा पार्क ) का 1 करोड़ 13 लाख 52 हजार रूपए की लागत से पूरा कायाकल्प किया जायेगा। इसमें बास्केटबॉल कोर्ट ,वॉली बॉल कोर्ट ,बैडमिंटन कोर्ट भी विकसित किये जायेंगे। साथ ही पूरे पार्क का सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। वॉर्ड 10 की ब्रह्म कालोनी में 79 लाख 34 हजार रूपए की लागत से नई सीवरेज लाइन डाली जाएगी।

वॉर्ड 18 में सेक्टर 23 की सड़कों पर रिफलेक्टर ,पेंट से सफेद पट्टी लगाने और कैट आई का लगाने का होगा कार्य होगा जिसमे 85 लाख 16 हजार रूपए खर्च होंगे।

वॉर्ड नं 4 के कैलाशपुर गांव में 51 लाख 25 हजार रुपए से शमशान घाट का रास्ता पक्का होगा और शेड डाला जाएगा।

मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए वो पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इन सभी कार्यों को आगामी दिनों में धरातल पर शुरू किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने लाभार्थियों से किया सीधा संवाद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान गांव जाटी कलां तथा जाटी खुर्द में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गांव जाटी कलां में 25 लाख की लागत से बनने वाली ई-लाईब्रेरी का आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस लाईब्रेरी के बनने से यहां के बच्चों को पढ? के लिए एक शांति का माहौल मिलेगा, जहां बैठक बच्चे अपनी पढ़ाई कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री के कार्यकाल में गरीबों के जीवन स्तर में हुआ सुधार-विधायक बड़ौली

विधायक मोहनलाल बड़ौली ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में गरीबों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। यह केंद्र सरकार की बड़ी सफलता व उपलब्धि है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 तक देश को ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्ल राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में जिला प्रशासन द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है, जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है।

**मुख्य अतिथियों ने विभागीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल के दौरान विधायक ने विभिन्न स्थानों पर लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा योजना का लाभ, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। भारत को 2047 तक ह्यआत्मनिर्भर एवं विकसितह्ल राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

विधायक ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भारत को 2047 तक ह्यआत्मनिर्भर एवं विकसितह्ल राष्ट्रह्व बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली किह्य भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### क्विज प्रतियोगिता में छाया जीएमएन कॉलेज का विद्यार्थी धर्मेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गांधी** मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के ,राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी धर्मेंद्र कुमार ने कॉलेज और विभाग को गौरवान्वित किया है, उन्होंने क्विज कंपटीशन में कुरुक्षेत्र जिले में आयोजित हरियाणा पुलिस अकादमी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।धर्मेंद्र ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों में उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बधाई और शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा की ऊंचाइयों को प्राप्त करना जीएमएन कॉलेज के संस्कारों में है, और कॉलेज अपने विद्यार्थियों में उच्च आचरण ,विनम्रता और कुशलता को स्थापित करने के लिए वचनबद्ध है, इसलिए हमारे विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में नूतन आयाम स्थापित कर रहे हैं और भविष्य में अनेकों ऐसे कीर्तिमान स्थापित करने के लिए वचनबद्ध है। इसी श्रृंखला में विभागाध्यक्ष डॉ एस एस नैन ने धर्मेंद्र कुमार को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि भविष्य में हमारे विद्यार्थी और अधिक कीर्ति को प्राप्त करेंगे। विभाग के अन्य सदस्यों डॉ राकेश कुमार ,डॉ सरोज बाला, डॉ तृप्ति शर्मा और लवप्रीत ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की ।

### पानीपत में कोरोना वायरस के जेएन-वन वेरिएंट को लेकर अलर्ट जारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कोरोना** वायरस के नए वेरिएंट जेएन-वन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलर्ट करने पर जिला नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुरूप मास्क, आईसीयू, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन प्लांट, दवाओं और अन्य आवश्यक वस्तुओं के साथ स्वास्थ्य विभाग को तैयार रहने के निर्देश दिए जा चुके हैं। खांसी-जुकाम के मरीजों के आरटीपीसीआर जांच होगी। वहीं नागरिक अस्पताल समालखा सामान्य अस्पताल व सभी सीएचसी व पीएचसी के डॉक्टरों को ओपीडी बढ़ाने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इनमें कोरोना के केस मिलने पर उनके सैंपल को जांच के लिए एम्स की लैब में भेजा जाएगा। नागरिक अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की टेस्टिंग भी गई है। जल्द जेएन-वन से संक्रमित लोगों को अस्पताल लाने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र से आने वाले लोग होंगे ट्रेस

देश में कोरोना के जेएन-वन वेरिएंट के रोगी लगातर मिल रहे हैं। गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र में अधिकतर रोगी मिले, इसके चलते तीन राज्यों से आने वाले लोगों को ट्रेस किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग जरूरत पडने पर पुलिस की मदद भी लेगा। तीनों राज्यों से आने वालों की जांच होगी उन्हें आइसोलेट भी किया जाएगा।

**सिविल अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड है**

पानीपत के सिविल अस्पताल में अस्पताल में 60 बेड का आइसोलेशन वार्ड है। 54 वेंटिलेटर व 171 आईसीयू बेड है। इस संबंध में निजी अस्पतालों को भी चौकसी के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दूसरी ओर पानीपत के सीएमओ डॉ.जयंत आहूजा ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए अपने हाथों को साबुन या पानी से नियमित रूप से अच्छे से साफ करें। लोगों से हाथ मिलाने से बचें। छींकने और खांसने के दौरान अपना मुंह व नाक रूमाल से ढकें। अपनी नाक, आंख व मुंह पर अनावश्यक छूने से बचें। अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान दें। फेस मास्क का अनिवार्य रूप से करें प्रयोग।

**नागरिक घबराएं नहीं**

डॉ.आहूजा ने बताया कि नए वेरिएंट को लेकर घबराने की बजाय सावधानी बरतना जरूरी है। विभाग इससे निपटने के लिए तैयार है। ऑक्सीजन प्लांट, दवा व जांच इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है। ओपीडी में जांच बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। पिछले वेरिएंट की तरह ही कोरोना के जेएन-वन वेरिएंट की भी जांच आरटी पीसीआर के माध्यम से की जाएगी।

# महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम कर रही: आरती दलाल



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**सर्वजन** प्रगति चेतना केंद्र, सर्वजन सोशल इकनॉमिक एम्पॉवरमेंट ऑफ ई डब्ल्यू एस सोसायटी की ओर से अम्बाला छावनी की जाटव धर्मशाला में क्रिसमस डे के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में संवाददाता आरती दलाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंटर बी बी चौधरी के द्वारा की गई। सेंटर में सिलाई व ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही युवतियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यातिथि आरती दलाल के द्वारा तीन युवतियों पूजा, नैना, भावना को सिलाई मशीन देकर तथा कार्यक्रम में डांस परफॉर्मेंस के लिए बतेरी, पूजा, कामना, दिव्या, लक्ष्मी को पुरस्कार देकर समानित किया गया। मुख्यातिथि के द्वारा युवतियों को जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम कर रही है। अंत मे केक सेरमनी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवतियों व बच्चों को केक दिया गया। इस मौके पर संस्था की फाउंडर नीलम व सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# आर्य बाल भारती स्कूल में किया गया शहीद अल्बर्ट एका को याद



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बाल** भारती पब्लिक परिसर में परम वीर चक्कर से सम्मानित अमर शहीद लायंस नायक अल्बर्ट एक्का झारखंड वाले की जयंती मनायी गई। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक जसवीर ग्वालडा रहे। विशिष्ठ अतिथि आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान ओमदत्त आर्य व राजनीति विज्ञान की अध्यापिका सरला मलिक व अंग्रेजी प्रवक्ता अनीता रानी रही। रसायन विज्ञान के अध्यापक नवीन व अंग्रेजी अध्यापिका उर्मिला मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रही। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की।

# गीता विद्या मंदिर में मनाया गया वीर बाल दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल जौरासी रोड़ समालखा में वीर बाल दिवस मनाया गया । 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी । उस दिन को गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे के सम्मान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिन गुरु गोविंद के दो छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को मुगल गवर्नर नवाब वजीर खान ने जिंदा दीवार में चिनवा दिया था ।उस समय बाबा जोरावर सिंह की आयु 9 वर्ष तथा फतेह सिंह की आयु 7 वर्ष थी। संसार के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और न ही भविष्य में कभी होगा, जब 9 वर्ष तथा 7 वर्ष के दो बालकों ने अपने धर्म पर अडिग रहते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया हो। गुरु गोविंद ऐसे इतिहास पुरुष हैं जिसका दूसरा उदाहरण कहीं नहीं मिलता गुरु जी ने केवल 9 वर्ष की आयु में अपने पिता तेग बहादुर को धर्म की रक्षा हेतु अपना जीवन बलिदान करने के लिए प्रेरित किया । गुरु ने अपने चारों साहिबजादो को भी धर्म की रक्षा के लिए कुर्बान कर दिया और बाद में अपना जीवन भी धर्म की रक्षा के लिए कुर्बान कर दिया । भारत के इतिहास में गुरु गोविंद सिंह और उनके साहिबजादों की कहानी बेहद प्रेरणादायी है।

# धूमधाम से मनाया गया वीर बाल दिवस

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पाइट संस्कृति** सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एन फ एल टाउनशिप पानीपत में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी, बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी के द्वारा धर्म की रक्षा के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए ह्यवीर बाल दिवसह्ल का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान जपजी साहिब का पाठ, साहिबजादों की जीवनी , कविशरी तथा खालसाई खेलां का आयोजन किया गया । स्कूल प्रबन्धक कमेटी के सदस्य श्री हरिओम तायल जी ने कहा की इस प्रकार के आयोजन स्कूल में होते रहने चाहिए ताकी विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति का ज्ञान दे सके, कही ऐसा न हो की हमारे बच्चे शहीदों की कुर्बानियों को भूल जाएँ।

# वीर बाल दिवस पर युवा चेतना क्लब द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा युवा चेतना क्लब** द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्यातिथि विधायक धर्म सिंह छोक्कर रहे । यह रक्तदान शिविर गुरु गोविंद सिंह के उन वीर साहिबजादो को समर्पित था जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए हंसते हंसते बलिदान दे दिया । विधायक धर्म सिंह छोककर ने बैच लगाकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया साथ ही क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यो की जमकर तारीफ की । विधायक ने कहा कि जहां क्लब द्वारा कोरोना में भी रक्त की सेवाएं दी वहीं लगातार अन्य सामाजिक कार्य जैसे जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े दान करना , गरीब बच्चो की पढ़ाई के लिए मुफ्त स्टेशनरी बांटना प्रत्येक त्योहार जरूरतमंद लोगों जैसे अनाथालय या वृद्धाश्रम में मनाकर हल्के का नाम ऊंचा कर रहे हैं। उन्होंने क्लब की समस्त टीम को भरोसा दिलाया कि जब कभी भी उनको जरूरत पड़ेगी वो क्लब के साथ खड़े मिलेंगे । जानकारी देते हुए कार्यक्रम मैनेजर सतीश देहरा ने बताया कि क्लब के प्रधान विपिन दहिया के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया की क्लब द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहते हैं जिससे हजारों लोगों तक मदद पहुंची ह। इस अवसर पर राहुल टिटाना, प्रीति ,अनिल राठी मनाना , अमित गिल , गुरविंदर जिम्मी , साहिल खुराना ,सुधाकर पांडेय,मनीष चौहान , रोहित देहरा , गुलफाम हथवाला, अजय गढ़ी छज्जू,ऋतु प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: सांसद ने लोगों को दिलाई शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**करनाल लोकसभा** सांसद संजय भाटिया ने बुधवार को नगर निगम के वार्ड 1 व 3 में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 में जब देश को आजाद हुए 100 साल हो जाएंगे तब भारत विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा होगा। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण ही संभव होगा। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में हर शहर और हर गांव में जा रही है। संजय भाटिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि इन सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मेहनत कर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाया है। इस मौके पर सांसद संजय भाटिया के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल सम्बोधन को भी सुना। सांसद संजय भाटिया ने इस मौके पर उपस्थित आमजन को संकल्प शपथ भी दिलवाई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों को गैस किट भी प्रदान की। लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि अब तक बहुत से लाभार्थी विकसित भारत संकल्प यात्रा का फायदा उठा चुके हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव में जा रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस मौके पर भाजपा नेता हरपाल ढांडा, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, रविंद्र भाटिया, पार्षद अनिता परूथी, भीमसेन सचदेवा व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। काबड़ी रोड पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरपाल ढांडा ने लिया भाग

वार्ड 24 व 25 में काबड़ी रोड पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है।

# 'दारू को नहीं दूध को बनाएं अपने जीवन का हिस्सा'

## 108 वर्षीय स्वर्गीय पंडित गोपी राम जी की सत्रहवीं (रस्म पगड़ी) पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे : नवीन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिंद पानीपत के गांव बलाना के मामन शर्मा के 108 वर्षीय पूज्य पिताजी स्वर्गीय पंडित गोपी राम शर्मा जी की सत्रहवीं/रस्म पगड़ी पर पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रार्थना की के भगवान उन्हें स्वर्ग में जगह दें। जयहिन्द ने बताया कि दादा गोपीराम शर्मा ने पहरावर गांव में जो दो बार भगवान परशुराम जयंती मनाई गई उनके न्योते बड़े जोश के साथ खुद पूरे पानीपत जिले में दिए थे। जयहिन्द ने दादा गोपी शर्मा को नमन करते हुए सन्देश दिया कि दादा ने अपने 108 वर्ष के जीवन मे कभी नजर का चश्मा नही लगाया और इस तरह से एक स्वस्थ व निरोगी जीवन जीना अपने आप मे बहुत बड़ी बात है। दादा दूध पीने के बड़े शौकीन थे। समय की पाबंदी के रोटी खाते थे। हर रोज रात को 8 बजे सोते और सुबह 4 बजे उठते व मेहनत करते थे। दिन में 2 से 3 घण्टे उकडू बैठते थे ।आज के युवाओं को वे 100 साल की उम्र में भी टक्कर दे सकते थे। जयहिन्द ने बताया कि हमारे बुजुर्गो की यह बहुत खास बात है कि वे सदा हस्ते-मुस्कुराते, आपसी भाईचारा बनाकर रखते है और बिना किसी चिंता के अच्छा खाते-पीते है। कभी किसी से बैर नहीं रखते है। जयहिंद ने युवाओं से भी अपील की कि वे अपने बुजुर्गो से प्रेरणा ले और अपने खान-पान और स्वास्थ्य को सुधारे। दारू को नहीं दूध को बनाएं अपने जीवन का हिस्सा । नवीन जयहिंद ने पण्डित गोपी राम शर्मा की पवित्र आत्मा की शान्ति और परमात्मा से उनके स्वर्ग में स्थान पाने के कामना की।

# चार दिवसीय पानीपत युवा खेल महोत्सव का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला पुलिस** द्वारा ग्रामीण युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से चुस्त दुरूस्त बनाने को लेकर चार दिवसीय युवा खेल महोत्सव का आज गांव सिवाह स्थित खेल स्टेडियम में आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने खिलाडियों का परिचय लेकर और आसमान में बेलुन उड़ाकर प्रतियोगिता का आगाज किया। मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत का गांव सिवाह की सरपंच सुनीता कादियान व आसपास के गांवों के मौजिज लोगों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर व फुल माला पहनाकर स्वागत किया। अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निर्देशन में हरियाणा पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से चुस्त दुरूस्त बनाने को लेकर खेलों को लेकर प्रोत्साहित कर रही है। इसी के तहत जिला पुलिस द्वारा प्रथम चरण में ग्रामीण युवाओं के लिए उक्त युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य गांव के युवाओं को प्रेरित कर खेल के मैदान में लाना है ताकि वे अपराध और नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। नशे से उस व्यक्ति का परिवार ही नहीं बल्कि पूरा समाज प्रभावित होता है। इस मौके पर एएसपी मंयक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब, सतीश गौतम, नरेंद्र,नंबरदार जयदीप कादियान, कपिल आर्य, राजबीर कादियान, रविन्द्र कादियान व मोनू आदि मौजूद रहे।

# प्रशासनिक लापरवाही के चलते सड़क को ही बना ड़ाला वॉशिंग सेंटर







**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**

**जहां एक ओर तो** सरकार लोगों की सुख-सुविधा के लिए लाखों-करोड़ों रूपये खर्च करके सड़कें व फुटपाथों का निर्माण करवाती है। जिससे कि लोगों को कोई परेशानी न होने पाएं, वहीं दूसरी ओर विभाग में बैठे संबंधित अधिकारियों की लापरवाही बोलों या फिर किसी न किसी लालच की वजह से दिल्ली के अधिकांश इलाके की सड़के व फूटपाथों को व्यवसाय चलाने का ठिया ही बना लिया है। यहां पर हम बात कर रहें है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले लाल बाग स्थित जीटी करनाल रोड़ की मुख्य सड़क व सर्विस रोड़ की। जहां पर प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही व लालच की वजह से स्थानीय दुकानदारों ने सड़क व फुटपाथ को ही वॉशिंग सेंटर में तब्दील कर दिया है।

**बीच सड़क ही की जाती है वॉशिंग**
आपकी जानकारी के लिए बतादें कि क्षेत्र स्थित लाल बाग जीटी करनाल रोड़ पर ही यहां के स्थानीय दुकानदारों ने कार व बाइक वॉशिंग सेंटर खोल लिया है, जिसके चलते वह बिना किसी ड़र के धड़ल्लें से गाड़ियां धोने का काम कर रहें है, वहीं करोड़ो रूपये की लागत से बनाए गए फुटपाथ को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल कर रहें है।

**पानी की भी बर्बादी:** जहां एक ओर तो दिल्ली के लोग पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहें है, पानी के लिए लोगों के गले तक सूख रहें है, वहीं दूसरी ओर वॉशिंग सेंटर पर रोज़ाना हजारों लीटर पानी की बर्बादी की जा रही है। बावजूद इसके संबंधित प्रशासन चुप्पी साधे बैठा हुआ है। क्या प्रशासन को रोड़ पर चल रहें इस तरह के अतिक्रमण व पानी की हो रही बर्बादी दिखाई नहीं दे रही है या फिर सबकुछ देखने के बाद अंजान बने बैठा हुआ है।

**एसड़ीएम की कार्यवाही से हुआ था बंद:** मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों पहले वॉशिंग सेंटर वालों के खिलाफ एसड़ीएम ने कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवा दिया था, जिससे लोगों को भी चैन भी सांस मिली थी। वहीं सूत्रों के हवाले से पता चला कि क्षेत्रीय विधायक व पुलिस प्रशासन की सांठ-गांठ के बाद फिर से वॉशिंग का काम शुरू कर दिया गया है। अब यहां पर सवाल यह खड़ा होता है, अगर संबंधित अधिकारी व प्रशासन की कोई सांठ-गांठ नहीं है तो वह इन दुकानदारों के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से बच क्यों रहे है। आपको यह भी बतादें कि यहां से गुजरने वाले कई दुपहिया वाहन चालक भी पानी में फिसल कर कई बार गिरकर चोटिल हुए है। लेकिन प्रशासन को कोई परवाह नहीं है।

**इस संदर्भ में विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी** से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# भलस्वा वार्ड : पार्षद अजीत यादव ने करवाई नालों की सफाई





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड-17 भलस्वा में निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा आईटीआई झुग्गी के नालों की समस्या को देखते हुए बुधवार को नालों की सफाई करवाई गई। इस मौके पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि आज जेसीबी मशीन से आईटीआई झुग्गी के पीडब्ल्यूडी के नाले की सफाई करवाई गई और जहां-जहां नाले और पुलिया बंद थे उनको जेसीबी मशीन से ओपन करवाया गया। जिससे की वार्ड के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वार्ड–18 जहाँगीर पुरी में कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों के साथ मिलकर डोर टू डोर अभियान चलाते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य कार्यकर्ता।

# महालक्ष्मी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें : चित्रा विद्यार्थी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के अशोक** विहार इलाके के महाराजा अग्रसेन भवन में महालक्ष्मी वरदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि महालक्ष्मी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है। मैं माता रानी से प्रार्थना करती हूं कि सभी के जीवन में खुशियां लाये। उन्होंने कहा कि सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है। उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चलें।

# जहांगीरपुरी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लागू की कई योजनाएं, लाभांवित हो रहे हैं लोग : इन्द्रजीत मुखी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडल भाजपा के महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है और भाजपा की नीतियां और कार्यों को जन-जन तक पहुंचना है, जिससे की लोग भाजपा से अधिक से अधिक जुड़े। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। आज देश के सभी वर्ग के लोग भाजपा के कार्यों की प्रशंसा कर रहे है। क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है, कागजों में तो विकास हो रहा है, लेकिन धरातल पर विकास नहीं हो रहा है, जिसके चलते लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है जिस कारण से जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम पानी मुफ्त दे रहे है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की दिलखोलकर सहायता करनी चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि निर्धन तबके की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी गरीब व असहाय लोगों की निःस्वार्थ भाव से मदद करें। उन्होंने आगे बताया कि जीवन मूल्यों में संस्कारों का बड़ा महत्व है।

# मॉडल टाउनः अवैध पार्किंग की समस्या से परेशान है क्षेत्रवासीः राज खुराना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रशासनिक** लापरवाही के चलते आज पूरी दिल्ली अवैध पार्किंग व अतिक्रमण का शिकार बन चुकी है। जिसके चलते न सिर्फ अच्छी खासी बड़ी-बड़ी सड़के संकरी हुई है, वहीं यातायात भी बाधित हो रहा है। मामलें में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरांवाला टाउन पार्ट-दो में रहने वाले व प्रसिद्व समाज सेवी व पूर्व निगम पार्षद राज खुराना ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही व कोताही की वजह से मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र अवैध पार्किंग की समस्या से जूझ रहा है। उन्होनें बताया कि अवैध पार्किंग की वजह से जहां एक ओर तो यातायात बाधित हो रहा है वहीं दूसरी ओर सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। वाहन चालक व रेहड़ी पटरी वाले बेतरतीब ढंग से सर्विस लेन पर लगा लेते हैं। जिसकी वजह से लोगों का फुटपाथ पर चलना भी मुश्किल हो जाता है।

**अतिक्रमण से लगता है जामः** खुराना ने बताया कि सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग व अतिक्रमणकारियों से आम लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मुख्य मार्गों जीटी रोड़ व मैंन मार्किट में स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने अवैध पार्किंग बना दिया है। मुख्य चौराहों पर सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक रेंगता रहता है। कभी-कभी तो जाम में लोगों को कई घंटे बिताने पड़ते हैं।

# विधायक ने पाईप लाईन मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया बी, सी ब्लॉक साइड-75 पानी से संबंधित समस्या और हाल ही में हुए सी-58 पर पाइपलाइन रिपेयरिंग का कार्य और नई पाइपलाइन डालने के कार्य का निरीक्षण किया। विधायक ने सी 58/4 पर चल रहे पाइपलाइन लीकेज रिपेयरिंग के कार्य का निरीक्षण भी किया एवं अधिकारियों को लीकेज के निवारण के साथ स्थाई समाधान करने के निर्देश दिये।

# संगम पार्क वार्डः क्षेत्र के विकास पर दे रहा हूं विशेष ध्यानः सुशील जोंटी







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के संगम पार्क वार्ड के लालबाग इलाके में निगम पार्षद सुशील जोंटी ने दीपक डीजल से दुर्गा माता मंदिर चौक तक बड़े नाली की सफाई करवाई और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का जायजा भी लिया। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुन उनकी समस्या का उचित समाधान भी किया गया। पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है। उनका समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

निगम पार्षद सुशील जोंटी ने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर या मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी के साथ कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

सिखों के दसवे गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत स्मृति वीर बाल दिवस पर ओल्ड फरीदाबाद के गुरुद्वारा शास्त्री कॉलोनी में साहिबजादों के अनुकरणीय साहस एवम बलिदान स्मृति में शब्द कीर्तन पश्चात लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर उपस्थित थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड भी मुख्य रूप उपस्थित थे। गुरुद्वारे में पधारने पर चौ.कृष्णपाल गुर्जर व अजय गौड का भाजपा मण्डल अध्यक्ष सचिन



शर्मा, गुरुद्वारे के प्रधान जरमेज सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान नरिंदर सिंह कलसी,उपप्रधान भूपिंदर सिंह/रविंदर सिंह,महासचिव सुरिंदर सिंह विरदी,सचिव प्रीतपाल सिंह/साहिब सिंह विर्क,कोषाध्यक्ष बलदेव राज,मनदीप सिंह व सदस्यों जोगिंदर सिंह प्लाहा,कुलदीप सिंह,गुरशरण सिंह,अमर सिंह,राजिंदर सिंह और सुनील कुमार ने सिरोपा और शॉल भेंट कर स्वागत किया।

चौ.कृष्णपाल गुर्जर ने साहिबजादे जोरावर सिंह जी व साहिबजादे फतेह सिंह जी के धर्म की रक्षा के लिए दिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। चौ.कृष्णपाल गुर्जर ने गुरुद्वारे में मौजूद संगत को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए, कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है।

ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चारों साहिबजादों की वीरता और आदर्श, आज भी हर भारतीय को ताकत देते हैं। इसलिए वीर बाल दिवस, उन सच्चे वीरों के अप्रतिम शौर्य और उनको जन्म देने वाली माता के प्रति, राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर अजय गौड ने कहा कि भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और. ज्यादा जानेगी, उनके महान कृतत्व से सीखेगी। तीन सौ साल पहले चमकौर और सरहिंद की लड़ाई में जो कुछ हुआ वो अमिट इतिहास है। ये इतिहास बेमिसाल है। उस इतिहास को हम भुला नहीं सकते।

# युवाओं द्वारा चारों साहिबजादो के शहीदी दिवस पर लगाया चाय व ब्रेड पकोड़ो का लंगर

**टीम एक्शन इण्डिया/बाबैन(दलबीर मलिक)**

बाबैन के समस्त युवाओं द्वारा चारों साहिबजादो का शहीदी दिवस पर चाय व ब्रेड पकोड़ो का लंगर लगाया गया। जिसमें समजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत कर युवाओं के साथ मिलकर लोगों को लंगर बरताया।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि देशभर में इस समय वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल की शुरूआत में ये घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के बेटों (साहिबजादे) के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। वें मुगलों के हाथों शहीद हो गए थे। इस कार्यक्रम को 26



दिसंबर को मनाने की एक वजह ये है कि क्योंकि इसी दिन साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह सरहिंद (पंजाब) में छह और नौ साल की छोटी उम्र में मुगल सेना के हाथों मारे गए थे। इस दिन को उनके शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता था। वहीं समस्त युवाओं द्वारा आयोजित लंगर में भारी संख्या में लोगों ने चाय व ब्रेड पकोड़ो का प्रसाद लिया। मौके पर गोल्डी मद्दू, लवली, दलजीत सिंह, गुरजीत सिंह, गुरदीप सैनी, मनजीत सिंह, मोहित सैनी, संदीप, प्रवीण, जोली, सोनू, अंशु, निगम, रोबिन अरोड़ा, सौरभ अरोड़ा, अमनदीप सिंह, बिट्टू, भावेश मेहरा, बलदेव, जगीर सिंह, शुभनाथ सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद किसी जाति या धर्म का नहीं बल्कि सर्व समाज का होता है : सत्यवीर डागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

1857 संग्राम के आखिरी शहीद राजा नाहर सिंह की साढ़े 38 फुट की प्रतिमा का 31 दिसंबर को बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत अनावरण करेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उत्तरप्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण, भरतपुर से राजकुमारी कृष्णेंद्र कौर दीपा, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पूर्वमंत्री ओपी धनखड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, योगानंद शास्त्री, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान, पूर्वमंत्री पंडित रामबिलास शर्मा, मथुरा की सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी, पेशावर रियासत से राजा महेंद्र सिंह सहित फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक एवं पूर्व विधायक सहित विभिन्न पार्टियों एवं दलों के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी नाहर सिंह मैमोरियल सोसायटी रजि. के अध्यक्ष सत्यवीर डागर ने बुधवार को सेक्टर-3 स्थित जाट भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। श्री डागर ने बताया कि प्रतिमा अनावरण की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और यह समारोह बहुत ही ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में राजा नाहर सिंह की प्रतिमा को तैयार करवाया गया है और जिसे बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में लगाया जाएगा। इस प्रतिमा के लगने के बाद राजा नाहर सिंह की जीवनी के बारे में युवा पीढ़ी भली भांति जान सकेगी। श्री डागर ने कहा कि शहीद किसी जाति या धर्म का नहीं होता बल्कि वह सर्व समाज का होता है इसलिए इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उन्होंने सर्व समाज के लोगों को आमंत्रित किया है, उन्हें उम्मीद है कि लोग इसमें बढ़चढकर भाग लेंगे शहीद राजा नाहर सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पत्रकार वार्ता में रविन्द्र चौहान, समुद्र भाखर, नरवीर तेवतिया, जगन डागर, बॉबी डागर, सुनील मिडकौला, मुकेश रावत, प्रदीप डागर, रविन्द्र फौजदार, संजय डागर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक पहुंचाया जा रहा है योजनाओं का लाभ : विधायक राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

तिगांव विधानसभा से विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। विधायक राजेश नागर आज बुधवार को जिला फरीदाबाद के गांव अलीपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था लागू की है, जिससे नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा रही है, ताकि उनके योजनाओं के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इसका लाभ उठा सकें। आज जहां देश में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती प्रदान की जा रही है, वहीं लाईन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में जनधन बैंक खाता खुलवाने से लेकर आयुष्मान कार्ड, घर-घर में शौचालय निर्माण, हर घर में नल से जल, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान सहित अनेक जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चलाकर अंतिम व वंचित वर्ग के लाभार्थियों को लाभान्वित करने का काम किया है।

### देसी पिस्तौल सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश की टीम ने अवैध हथियार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनिल हनुमान कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद का रहने वाला है।

आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से लेजर वैली रोड सुरजकुण्ड से काबू किया है।

# 2024 में भाजपा सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं पन्ना प्रमुख : बिप्लब देब

**सम्मेलन**

**8 गुलामी के प्रतीकों को समाप्त कर रही है मोदी सरकार: बिप्लब कुमार देब**

**चंडीगढ़**

गुरुग्राम की सोहना विधानसभा में बुधवार को आयोजित भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हाल ही में संसद में भारत सरकार द्वारा बनाए गए तीनों नए कानून सम्पूर्ण भारतीय है और गुलामी की जंजीरे तोड़ने वाले हैं। मोदी सरकार ने ब्रिटिश राज और



ब्रिटिश काल के गुलामी के सारे चिह्न समाप्त करके संपूर्ण भारतीय कानून बनाए हैं। आतंकवादी गतिविधियों, मॉब लिंचिंग, भारत की संप्रभुता को खतरा पैदा करने वालों को अपराध करने से पहले 100 बार सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों और पार्टियों की आलोचना करने वालों को भी राजद्रोह के आरोप में जेल में डाल दिया जाता था, लेकिन अब नए कानून के मुताबिक केवल देश के विरुद्ध और देश की संप्रभुता के खिलाफ बोलने वालों को कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। श्री देब ने कांग्रेस को भी परिवारवाद पर घेरा और कहा कि कांग्रेस में कोई भी साधारण कार्यकर्ता उच्च पद तक नहीं पहुंच सकता। जबकि भाजपा ही एक ऐसा संगठन है जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता भी अपने काम के बल पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर पहुंच सकता है।

पन्ना प्रमुखों में जोश भरते हुए प्रदेश प्रभारी ने 2024 चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि पन्ना प्रमुख सरकार की नीतियों को जमीन पर उतारते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए एक एक पन्ना प्रमुख संकल्पित है।

जबरदस्त कोहरा और कड़कड़ाती ठंड में आए पन्ना प्रमुखों ने भी पूरा जोश दिखाते हुए भाजपा जिंदाबाद और जय भाजपा, तय भाजपा के नारे लगाए। पन्ना प्रमुख सम्मेलन को विधायक संजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, जिला प्रभारी दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर ने भी संबोधित किया।

बिप्लब देव ने यहां अपने संबोधन में कहा कि पन्ना प्रमुखों की बदौलत ही 2024 में केंद्र में मोदी तथा हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार तीसरी बार बनने वाली है।

# मतदाता सूची को दुरुस्त कर 22 जनवरी, 2024 को किया जाएगा अंतिम प्रकाशन: डीसी विक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**

डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 22 जनवरी, 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा, जिसके दृष्टिगत मतदाता सूची को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं मतदाता सूची की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी प्राप्त करने के लिए राजनीतिक पार्टियों को लिखित रूप में भी अवगत कराया जा रहा है। पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है। आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। डीसी विक्रम



आज बुधवार को यह दिशा-निर्देश पंजीयन अधिकारी को विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित मंत्रणा बैठक में दे रहे थे। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी से अश्विनी कुमार गुलाटी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से वीरेंद्र सिंह डंगवाल, बहुजन समाज पार्टी से उपकार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से मिथलेश कुमार मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के 52 अवतारों का व्याख्यान किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास परम श्रद्धेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने भगवान के 52 अवतारों का व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि बलि के द्वार पर भिक्षा के लिए 52 भगवान द्वारा तीन पग दान में मांगें और तीन पग मिलने पर भगवान ने तीनों लोकों को तीन पग में नाप लिया। उन्होंने बताया कि भगवान ने अपने भक्त के लिए सारी सम्पति को लेकर के उसे भक्ति का वरदान दिया। उन्होंने बताया कि भगवान के नाम की महिमा इतनी है कि एक बार नाम

# भरोसे हम तो बाबा के,जो होगा देखा जाएगा....



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरुक्षेत्र के धर्म एवं अध्यात्म ग्रुप-2 "भक्ति सागर" के दूसरे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सलारपुर रोड़ स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार रात्रि श्री श्याम ताली संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा संपन्न कराए गए 502वें ताली कीर्तन में मंदिर संचालक पण्डित महेश भारद्वाज ने मुख्य यजमान एवं संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौली गौड़ सहित संरक्षक जितेंद्र बंसल,संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता,ग्रुप इन्चार्ज शम्मी गेरा,गुलशन ग्रोवर,श्याम जुनेजा,राकेश कंसल और ललित चावला आदि पदाधिकारियों से श्री श्याम पूजन संपन्न करवाया। तत्पश्चात अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं उद्योगपति राजेश सिंगला ने श्री श्याम पावन जोत प्रज्ज्वलित की। इसके पश्चात गणेश एवं सरस्वती वन्दना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में गायक लखबीर सिंह लक्खा और गौरव शान ने श्याम प्रभु और हनुमान जी के एक से बढ़कर एक मधुर भजनों से भक्तों को आनंदित करते हुए झुमाया। संकीर्तन में लखबीर सिंह लक्खा की प्रस्तुति में डूबतों को बचा लेने वाले,मेरी नैय्या है तेरे हवाले.....,भरोसे हम तो बाबा के,जो होगा देखा जाएगा....,तूने इतना दिया है मेरे साँवरे.... और लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण तेरी...आदि भजन सुनाए गए। वहीं,गौरव शान द्वारा सुनाए गए आयो साँवरिया सरकार लीले पै चढ़ कै....,खाटू बुला रहा है किरपा नहीं तो क्या है....और जब बिन बोले मिलता तो बोल के क्या माँगू...आदि भजन सराहे गए। कार्यक्रम में मंच का संचालन करते हुए स्वास्थ्य संजीवनी ग्रुप के संयुक्त इंचार्ज गुलशन ग्रोवर ने बताया कि समूह द्वारा नववर्ष के पहले वीरवार,4 जनवरी को दोपहर 3 से सांय 6 बजे तक कालेश्वर तीर्थ के निकट शिरडी साईं मंदिर में एक मैडिकल कैम्प लगाया जाएगा।

# सभी को गुरु गोविंद सिंह जी व उनके परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए

**टीम एक्शन इण्डिया/लाडवा (दलबीर मलिक)**

लाडवा के संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल में चारों साहिबजादो का शहीदी दिवस पूर्ण आस्था व श्रद्धा से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ शब्दगायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बाबा जसदीप सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की।अतिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी शहादत देश व धर्म की रक्षा के लिए थी। ऐसी कुर्बानी न तो कभी किसी ने पहले दी है, ना ही दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें श्री गुरु गोविंद सिंह जी व उनके परिवार



से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने देश के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें स्कूल के माध्यम से गुरुघर से जुड़े का साधसंगत के दर्शन व उनकी सेवा का मौका मिला। वहीं स्कूल की प्राचार्या अमरजीत कौर संधू ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए स्कूल असेंबली में शब्द कीर्तन, कविता पाठ आयोजित किया जा रहे थे। वहीं गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूप को स्कूल में लाया गया। उनकी हजूरी में स्कूल स्टाफ, अभिभावक व छात्र-छात्राओं द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ, शब्द कीर्तन किया गया। वहीं कार्यक्रम के समापन पर गुरु के लंगर की व्यवस्था की गई। स्कूल स्टाफ छात्र-छात्राओं ने अतिथियों व अभिभावकों को लंगर छकाया। स्कूल शिक्षिका दिलप्रीत कौर ने मंच संचालित करते हुए सिख इतिहास से अवगत कराया। मौके पर प्यारा सिंह, मनजीत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, शरीन पपनेजा, सतेन्द्र देव, लखविन्द्र सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# राजेंद्र जांगड़ा दोबारा बने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड पहेवा के प्रधान

**टीम एक्शन इण्डिया// कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड पेहोवा का चुनाव राजकीय माध्यमिक विद्यालय फौजी प्लॉट में संपन्न हुआ।पर्यवेक्षक के रूप में पहुंची मोनिका भारद्वाज और देवदत्त ने कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की। सबसे पहले निवर्तमान प्रधान राजेंद्र जांगड़ा द्वारा अपनी कार्यकारिणी की ओर से सभी साथियों का धन्यवाद किया और पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। उसके बाद अध्यापकों द्वारा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई ।सबसे पहले प्रधान पद के लिए सदन में सहमति से राजेंद्र जांगड़ा कैन्थला को दोबारा प्रधान



बनाया गया। उप प्रधान के तौर पर अजीत सिंह जलबेड़ा, महासचिव के रूप में परमजीत सिंह ककराला ,कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह चनालहेड़ी, ऑडिटर प्रवीण ककराला, सहसचिव सतीश रंगा सुरभी, संरक्षक गुलाब संधोली, संयोजक मोहन लाल कैन्थला,व सलाहकार के तौर पर सुरेंद्र अरुणाय, प्रेस सचिव अमरजीत नानकपुरा, संगठन सचिव दीनाराम बटेडी आदि को नई कार्यकारिणी के रूप में सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दी गई।। यह जानकारी देते हुए संदीप चौहान ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्राथमिक शिक्षकों की समस्याएँ प्रत्येक मंच पर उठाता है।

उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगठन के साथ जुड़कर अपनी माँगों पर बल दें।इस अवसर पर रमेश थाना,असलम खान, दर्शन दास, दलीप कुमार, राजेन्द्र कुमार, महावीर, चरणदास, अशोक कुमार, संजीव कुमार,जगमहेंद्र, बलजीत सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।।

# जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी ने बुधवार को की जिला उपायुक्त विक्रम जी से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने बुधवार को जिला उपायुक्त विक्रम जी से मुलाकात की। जिला लघु सचिवालय में हुई इस शिष्टाचार भेंट पर श्री उमेश भाटी ने जिला उपायुक्त को आने वाले साल 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री उमेश भाटी ने डीसी विक्रम जी को पॉट देकर आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं दी, करीब 15 मिनट हुई इस मुलाकात के दौरान श्री उमेश भाटी ने उनके कार्यशैली की प्रशंसा कीऔर फरीदाबाद में युवा डीसी के रूप विक्रम जी के कामों को



ऊर्जावान से प्रेरित बताया। वहीं फरीदाबाद में डीसी विक्रम के नेतृत्व में हो रहे कामों को लेकर बातचीत भी की। इस मौके पर जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने तिगांव विधानसभा की कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा। श्री भाटी ने न्यू तिलपत सहित पल्ला एरिया तिगांव रोड सड़क का काम काफी धीमी जाती से बन रहा है। जैसे खस्ता हाल सड़कों का मामला हो या फिर सफाई का मुद्दा हो इसकी जानकारी देकर डीसी विक्रम जी को अवगत कराया और इन समस्याओं को दुरुस्त करने का निवेदन किया , श्री उमेश भाटी ने कहा की ऐसा नहीं की शहर में विकास कार्य नहीं हो रहे है, लेकिन कई कालोनियों तक विकास के कार्य नहीं पहुँच पा रहे है। उन्होंने इस शिष्टाचार भेंट के दौरान डीसी विक्रम जी की चाहे कोरोना काल हो या फिर यमुना का जलस्तर बढ़ने के दौरान आई आपदा हो उसमे अधिकारियों का कार्य काबीले तारीफ है उन्होंने डीसी विक्रम को इसके लिए बधाई दी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# रामोत्सव 2024: भक्ति के रंग में रंगी अयोध्या

## अयोध्या के राजा- भारत है आपका, महलों में आओ-स्वागत है आपका, हिल स्टेशन से अधिक पर्यटकों को भा रही अपनी अयोध्या

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या के** राजा, भारत है आपका। महज 25 दिन और, महलों में आइए-स्वागत है आपका। इस आह्वान के साथ अपने राम, राजा राम के स्वागत को अयोध्या भक्ति के नए रंग में रंग गई है। 22 जनवरी 2024 को मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को अभूतपूर्व बनाने के साथ ही अयोध्यावासी अपने घर-आंगन को सजाएंगे। वहीं युवा हों या प्रौढ़, हिल स्टेशनों से अधिक अब राम की अयोध्या में मन रच बस रहा है। यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है। अयोध्या में पहुंचे विदेशी पर्यटक भी कह रहे हैं- अयोध्या के बारे में खूब सुना-पढ़ा पर मोदी-योगी के राज में नव्य अयोध्या की अनुभूति ही हमें अलग प्रतीत हो रही है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। सीएम योगी के



नेतृत्व में बदली अयोध्या में पर्यटकों पर राम का रंग चढ़ गया है।

**अयोध्यावासियों के सिर चढ़कर बोल रहा 'अपनत्व' का रंग:** यह अयोध्या है। अपने राम की अयोध्या। अपने ही घर में राम 500 वर्षों बाद जब भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो वह पल अविस्मरणीय, अकल्पनीय होगा। इस पल के सारथी बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की नई गंगा बहाने 30 दिसंबर को रामनगरी में होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यहां 30 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं एक साथ चल रही हैं। 30 दिसंबर के कुछ घंटों बाद साल भले ही बदल रहा हो, लेकिन नए साल के पहले अयोध्या को मिलने वाला हजारों करोड़ों का नया उपहार फिर इसकी दशा-दिशा को और मजबूत करेगा। लिहाजा, पीएम मोदी व सीएम योगी के प्रति अयोध्यावासियों पर 'अपनत्व' का नया रंग सिर चढ़कर बोल रहा है।

**... मानों त्रेता सी लगने लगी अपनी अयोध्या:** रामपथ पर जहां तक नजर गई, एक ही रंग में रंगी अयोध्या मानों त्रेता सी लगने लगी। अयोध्या पौराणिक दृष्टिकोण से समृद्ध तो है है, लेकिन कॉमन बिल्डिंग कोड के जरिए एक रंग में नजर आने वाली अयोध्या की सुंदरता रामनगरी को भौतिक रूप से भी भव्य बना रही है। भक्तिपथ हो, धर्मपथ या जन्मभूमि पथ, यहां अलग-अलग रंग में अयोध्या अलग-अलग रूप में निखरी नजर आ रही है, लेकिन इन सब पर चढ़ा सबसे बड़ा रंग है राम का। पूरी अयोध्या राम के रंग में रंगी है।

**राजमार्ग पर लगीं मूर्तियां बता रहीं पौराणिकता:** लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर हाइवे पर लगीं मूर्तियां अयोध्या की पौराणिकता बयां कर रही हैं।

### 'स्टेट ऑफ द आर्ट' फैसिलिटी से लैस 'अयोध्या धाम' है कई मायनों में खास

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
उत्तर प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही प्रदेश की आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार रामनगरी अयोध्या को नव्य-भव्य रूप में सजाने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन करने विश्व भर से आने वाले श्रद्धालुओं को वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज का सुखद अनुभव कराने की दिशा में पीएम मोदी का विजन और सीएम योगी का त्वरित क्रियान्वयन रंग लाने लगा है। वर्षों से विकास की राह ताकती अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही अब अयोध्या धाम के रूप में 'स्टेट ऑफ द आर्ट' फैसिलिटीज से लैस अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन लोकार्पण के लिए तैयार है। यूं तो, इस स्टेशन का तीन फेज में विस्तृत विकास होना है, मगर पहले फेज के विकास कार्यों को लोकार्पण के पूर्व पूरी तरह से पूर्ण कर लिया गया है। खास बात यह है कि इस स्टेशन को ऐसे सुव्यवस्थित तरीके से विकसित किया गया है कि यहां की सुविधाओं के आगे एयरपोर्ट भी फीका पड़ जाए। यहां इनफेंट केयर, सिक रूम, टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, फायर एग्जिट समेत देश के सबसे बड़े कॉनकोर्स सेटअप को भी पूर्ण किया जा रहा है। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में यूं तो तमाम खूबियां हैं मगर यहां कुछ सुविधाएं ऐसी हैं जो रेलवे स्टेशन तो क्या आमतौर पर एयरपोर्ट्स पर भी देखने को नहीं मिलतीं। इस फेहरिस्त में सबसे आगे है इनफेंट केयर रूम जहां पर पैसेंजर्स के दुधमुंहे बच्चों को भी मेडिकल अटेंशन मिल सकेगा।

### पहले ही पर्यटकों की बढ़ी संख्या बता रही- यूपी सर्वश्रेष्ठ

**दीपोत्सव हो** या भव्य राम मंदिर से पहले ही अयोध्या का दीदार, यहां पर्यटकों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। यदि यह कहें कि यहां के पर्यटन में कई गुना वृद्धि हुई तो यह अतिश्योक्ति न होगी। धार्मिक, आध्यात्मिक रूप से समृद्ध अयोध्या के साथ ही उत्तर प्रदेश में घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। पिछले वर्ष घरेलू व विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या मिलाएं तो यह आंकड़ा दो करोड़ 21 लाख से अधिक का रहा। हर सनातनी की आस्था के केंद्र अयोध्या में अभी कई गुना पर्यटकों के बढ़ने की संभावना है।

## फास्ट न्यूज

### महाराष्ट्र के 121 मदरसों को आधुनिक बनाने के लिए 10-10 लाख रुपये मंजूर: मुख्यमंत्री शिंदे

मुंबई: मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में पंजीकृत 121 मदरसों को आधुनिक बनाने के लिए 10-10 लाख रुपये देने का फैसला किया है। साथ ही मदरसों में साइंस और मैथ्स को अनिवार्य विषय बनाने पर भी काम किया जा रहा है। यह फंड डॉक्टर जाकिर हुसैन मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत जारी किए जाएंगे। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी मदरसों में लाइब्रेरियों की स्थापना, शिक्षकों की सैलरी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम होगा। राज्य सरकार से फंड चाहने वाले मदरसों को वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड होना होगा। साथ ही इन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला लेना होगा। धार्मिक शिक्षा के अलावा मदरसों में शिक्षकों को साइंस और मैथ्स भी पढ़ाना होगा। मदरसों में शिक्षकों को कॉन्ट्रेक्ट के आधार पर रखा जाएगा और राज्य सरकार इनकी सैलरी देगी। इसी तरह एक बिल्डिंग में सिर्फ एक ही मदरसे को चलने की अनुमति होगी।

### भाजपा सत्ता का कर रही दुरुपयोग: अखिलेश यादव

लखनऊ: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का दुष्प्रचार जारी है। चारों तरफ लूट मची हुई है। भाजपा ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया है, ऐसा तो किसी सरकार में नहीं हुआ। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र पर हमला जारी है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए संकल्पित है। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सावधानी और पूरी सतर्कता से पीडीए इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी। अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में विभिन्न जनपदों से आये प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के झूठे वादों और काले कारनामों की सच्चाई से अवगत कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा के झूठ की जानकारी हर बूथ स्तर तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता देंगे। कार्यकर्ता अनुशासित रहकर हर बूथ पर मुस्तैदी से भाजपा को हराने का काम करेंगे।

## 145 करोड़ की सिंचाई परियोजनाएं हिमाचल को मोदी जी का उपहार: अनुराग ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिले। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की सिंचाई संबंधी 14 लघु सिंचाई परियोजनाओं और राष्ट्रीय हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट हेतु क्रमशः 141.76 करोड़ रुपए और 221.78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गजेन्द्र शेखावत का आभार व्यक्त किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे हिमाचल प्रदेश के कृषक वर्ग के लिए वरदान बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदा ही हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है, और देवभूमि के हितों की चिंता की है और सौगातें देने में कभी कोई कमी नहीं रखी। यही कारण है कि देवभूमि के जन-जन के मन में मोदी जी विराजमान हैं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हिमाचल प्रदेश के 14 लघु सिंचाई परियोजनाओं और राष्ट्रीय हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट हेतु क्रमशः 141.76 करोड़ और 221.78 लाख की स्वीकृति (वित्त वर्ष 2023-24) दी है। हिमाचल प्रदेश के कृषक वर्ग की आशाओं व आकांक्षाओं की अनवरत पूर्ति करने के लिए मैं प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी का व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ। आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा देवभूमि हिमाचल के जन- जन, विशेषकर कृषक वर्ग की आशाओं व आकांक्षाओं की पूर्ति करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैं हृदय तल से आभारी हूँ कि हमारी माँगों को बिना विलंब के पूरा किया जा रहा है। सिंचाई परियोजनाओं व बाढ़ मैनेजमेंट के भाजपा सरकार के तौर तरीकों का काम बोलता है। इस बार के बाढ़ में भी भाजपा राज में हुए 'स्वां चैनलाइजेशन' से बड़ा खतरा टला है। स्वां नदी को कभी 'रिवर ऑफ सॉरो' कहा जाता था।



हिमाचल के उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके आवास पर मुलाकात की। अग्निहोत्री ने केंद्रीय मंत्री से राज्य में हाल ही में आई भारी प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर हिमाचल की मदद के लिए उदारता से हाथ बढ़ाने का आग्रह किया।

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के अंतर्गत 30 एमओयू पर हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 (वीजीजीएस) के हिस्से के रूप में बुधवार को गांधीनगर में उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत और जल संसाधन मंत्री कुंवरजी भाई बावलिया की उपस्थिति में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों और सरकार के विभिन्न विभागों के बीच 24,707 करोड़ रुपए के 30 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर उनका आदान-प्रदान किया गया। इन एमओयू के कार्यान्वयन से गुजरात में विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 38 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वीजीजीएस 2024 के अंतर्गत बुधवार को जो एमओयू किए गए, उनमें मुख्य रूप से खनिज आधारित प्रोजेक्ट, शहरी विकास के तहत नए आवास और वाणिज्यिक इमारतें, टाउनशिप, केमिकल-पेट्रोकेमिकल, फार्मा, ज्वैलरी उत्पादन, ग्रीन-सोलर एनर्जी, टेक्सटाइल और अपैरल पार्क, इंजीनियरिंग, ऑटो, एनिमल हेल्थकेयर, इथेनॉल उत्पादन, औद्योगिक पार्क, जलापूर्ति और कौशल विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## उद्यान विभाग में हुआ था करोड़ों का घोटाला, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
उद्यान विभाग में विभिन्न योजनाओं में हुए घपले के प्रकरण की सीबीआई जांच के हाईकोर्ट के आदेश को सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा रही है। सूत्रों के अनुसार न्याय विभाग से इसकी अनुमति मिलने के बाद अब अधिवक्ता भी नियुक्त कर दिया गया है। उद्यान विभाग में डा एसएच बवेजा के निदेशक रहने के कार्यकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं में वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई थी। इस मामले में शासन ने डा बवेजा को निलंबित कर दिया था। साथ ही एसआईटी को जांच सौंप दी थी।

**हाईकोर्ट ने दिए थे सीबीआई जांच के आदेश:** इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती ने घपले के प्रकरण को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यही नहीं, एसआईटी ने प्रकरण में डा बवेजा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुमति भी मांगी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने के आदेश दिए थे। दरअसल उत्तराखंड के उद्यान विभाग में करोड़ों का घोटाला हुआ था।

## सोनोवाल-खांडू ने एनईआईएएफएमआर की क्षमता विकास के लिए योजनाओं की आधारशिला रखी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** केंद्रीय जहाजरानी, पोत और जलमार्ग और आयुष मंत्री, सर्बानन्दसोणोंवाल और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, पेमा खांडू ने आज पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर) की क्षमता विस्तार के लिए योजनाओं की आधारशिला रखी। एनईआईएएफएमआरमें कुल 53 करोड़ रुपये के निवेश से अतिरिक्त बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय जहाजरानी, पोत और जलमार्ग और आयुष मंत्री



सर्बानन्दसोणोंवाल ने कहा किलोक-चिकित्सा में मानव समाज को स्वस्थ रखने की समृद्ध विरासत हजारों वर्षों सेसमाई हुई है। हमारे समाज के बीच बसी हुई यह धरोहर पीढ़ियों से मानव जीवन को समृद्ध करने में हमारी मदद करती आ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और लोगों को समृद्ध जीवन का अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

इस प्रयास के तहत लोक-चिकित्सा सहित पारंपरिक चिकित्सा को फिर से नया जीवन देने का एक ईमानदार प्रयास किया गया है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर) में अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## बिहार की नई पर्यटन नीति से 10 हजार करोड़ का निवेश

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
पर्यटन के क्षेत्र में आधारभूत संरचनागत, समग्र समावेशी विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन के लिए बिहार पर्यटन नीति 2023 को स्वीकृति कैबिनेट से मिल गई है। पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह ने निदेशालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यटन प्रक्षेत्र का विकास आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। श्रीलंका, मलेशिया, थाईलैंड सहित कई देश तथा जम्मू कश्मीर, गोवा, सिक्किम, राजस्थान आदि राज्यों की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है। नई नीति से पर्यटन स्थलों के आसपास रोजगार का सृजन होगा और आधारभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। पर्यटन विभाग का अनुमान है कि नई नीति 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाएगी। निवेश को आकर्षित करने के लिए कई स्तर पर सब्सिडी का प्रविधान किया गया है।

## तत्काल टिकट पर दलालों का डाका!, यात्रीगण परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**आपको** रेलवे टिकट भले ही न मिले, लेकिन टिकट दलाल से टिकट कटाते हैं तो टिकट मिलने की शत प्रतिशत गारंटी है। क्योंकि, टिकट दलाल ही आम लोगों की हकमारी कर रहे हैं। आमलोगों के लिए खुलने वाला तत्काल समय के दौरान ही बड़े ही शातिर ढंग से दलाल टिकट काट लेते हैं। स्पेशल सॉफ्टवेयर से तत्काल टिकट पर दलाल डाका डाल रहे हैं। वह भी एक नहीं, बल्कि कई टिकट चंद सेकेंड में काट लेते हैं। वहीं, आम लोगों को काटते-काटते टाइम ओवर हो जाता है। यह एक बड़ी गुत्थी है, जिसे समझने की जरूरत है। दरअसल, कई एजेंट अपना एक सॉफ्टवेयर डेवलप करके रखते हैं। उस सॉफ्टवेयर की मदद से एक साथ कई यात्रियों की सारी जानकारी पहले से ही फीड कर देते हैं। तत्काल के खुलते ही चंद सेकेंड सभी टिकट कंफर्म हो जाते हैं। यह सारा काम निजी आइडी पर ही होता है। क्योंकि, तत्काल खुलने के पहले 15 मिनट में सिर्फ आमलोगों को ही निजी आइडी से टिकट काटने की अनुमति रहती है। 15 मिनट के बाद एजेंट आइआरसीटीसी के आथराज्ड कॉमर्शियल आइडी से टिकट काट सकते हैं तब तक काफी विलंब हो जाता है। अधिकतर टिकट बुक हो जाते हैं। इसलिए, टिकट की गारंटी बुकिंग के लिए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हैं, जो पूरी तरह से प्रतिबंध है।

**हकमारी**

> एक दलाल 22-25 निजी आइडी बनाते हैं ताकि निर्धारित संख्या में प्रयोग करने बाद आइडी से टिकट काटना बंद कर दें।

**एक दलाल बनाते 22-25 फेक आईडी:** एक दलाल 22-25 निजी आइडी बनाते हैं ताकि निर्धारित संख्या में प्रयोग करने बाद आइडी से टिकट काटना बंद कर दें। बदल-बदल कर निजी आइडी का इस्तेमाल करते हैं। एक निजी आइडी, जो आधार से लिंक नहीं है। उससे एक माह में छह टिकट और आधार से लिंक आइडी से एक माह में 12 टिकट काट सकते हैं।

## क्या स्वामी प्रसाद मौर्य के रवैये से नाराज हैं अखिलेश यादव?



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या।**
**अयोध्या से स**माजवादी पार्टी नेता व पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को हिंदू धर्म को धोखा बताने वाले बयान को लेकर जोरदार हमला बोला। अचानक उनके बयान के विरोध में पवन के तीखे हमले को पार्टी लाइन से जोड़ कर कर भी देखा जाने लगा है। कहा जा रहा है कि इसमें कहीं न कहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की रजामंदी जरूर है। अखिलेश की सहमति के बिना भाजपा के हाथों खेलने का आरोप लगाना संभव नहीं होता। पवन अपनी नाराजगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से इनकार करते हैं।

**सपा नेता पहले भी उठा चुके है सवाल:** नाराज पवन कहते हैं कि अगर ऐसा न होता तो बदायूं से सांसद अपनी पुत्री संघप्रिया को भाजपा से अब तक बाय, बाय करा देते। ऐसा बयान देकर भाजपा की पिच पर खेलने का मतलब पार्टी को नुकसान पहुंचाना है। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद ने इससे पहले जब हिंदू देवी देवताओं पर हमला बोला था तब भी पार्टी में उनकी वरिष्ठता का आइना दिखाने वालों में पवन पहली कतार में खड़े थे। स्वामी प्रसाद पर पवन के हमले को ऊपर का संकेत माना जा रहा है। भाजपा से नाराज ब्राह्मणों पर सपा डोरे डालने में लगी है। पार्टी को लगने लगा है कि अगर स्वामी प्रसाद की जुबान हिंदू देवी, देवताओं व धर्म के विरोध में ऐसे ही आग उगलती रही तो पार्टी से जुड़ा सवर्ण मतदाता छिटक कर भाजपा के पाले में मजबूती से खड़ा हो जाएगा।

**विरोध**

> अगर स्वामी प्रसाद की जुबान हिंदू देवी, देवताओं व धर्म के विरोध में ऐसे ही आग उगलती रही तो पार्टी से जुड़ा सवर्ण मतदाता छिटक जाएंगे

**साधा निशाना** 'पिछले दस महीनों यानी जनवरी से अक्टूबर तक जिले में 53 हत्याएं, 56 लूट की घटनाएं, 1171 चोरी की घटनाएं हुई'

## 'नीतीश-तेजस्वी राज में बिहार में स्थापित हो चुका है जंगलराज 3: नित्यानंद राय

**टीम एक्शन इंडिया/सिवान**
**विकसित भा**रत यात्रा को लेकर सिवान पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बिहार की सत्तारूढ़ महागठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान नीतीश एवं तेजस्वी के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार में जंगल राज तीन स्थापित हो गया है। आम लोगों की बात कौन कहे, पुलिस कर्मियों की दिनदहाड़े हत्या कर दी जा रही है। सिवान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस महीनों यानी जनवरी से अक्टूबर तक जिले में 53 हत्याएं, 56 लूट की घटनाएं, 1171 चोरी की घटनाएं, 272



सामान्य अपहरण की घटनाएं तथा 12 दुष्कर्म की घटनाएं घटित हुई हैं। 16 महीने पूर्व बनी इस सरकार में विधि व्यवस्था चौपट हो गई है।

**अपराधियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप:** बिहार में अपराधियों द्वारा खुलेआम गोली बारी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिए जाने के कारण जनता में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। राज्य से लोगों का पलायन शुरू हो गया है।

**हमारे पास नीतीश-तेजस्वी से अच्छे नेता: नित्यानंद**
नित्यानंद राय ने आगे कहा कि बिहार में हमारी सरकार बनेगी। नीतीश कुमार को बहुत अवसर मिला, लेकिन विकास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार भाजपा में हजारों-लाखों कार्यकर्ता हैं, जो मुख्यमंत्री के चेहरे हो सकते हैं। वह चेहरे नीतीश, तेजस्वी सहित अन्य पार्टी के नेता से अच्छे हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि बिहार के बजट का 72 से 73 प्रतिशत राशि विकास कार्य केंद्र सरकार के रुपये से हो रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, सिवान लोकसभा प्रभारी उमेश प्रधान, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, शंभू प्रसाद, राहुल तिवारी, प्रमील कुमार गोप मौजूद रहे।

> बिहार के बजट का 72 से 73 प्रतिशत राशि विकास कार्य केंद्र सरकार के रुपये से हो रहा है : राय

## गुमला में खाली पड़े अधूरे मकान से बरामद नर कंकाल

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के चेटर में बुधवार को उसी स्थान से नर कंकाल मिला, जहां पिछले पुलिस ने आधा अधूरा खुदाई कर बैरंग वापस लौट गई थी। विदित हो कि चेटर निवासी निरंजन कुजूर ने 16 दिसंबर को गुमला थाना में आवेदन दिया था और कहा था कि ढाई साल पहले परम कुमार लहरी और गणेश महतो ने बाजार टांड़ निवासी राजा रजक की हत्या कर उसके अधूरे घर में गाड़ दिया है। निरंजन ने इस बात की जानकारी राजा रजक के मां गीता देवी व उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी दिया।